दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली रविवार 07 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 164 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी का विरोध प्रदर्शन

### अभिजीत दीपके ने शिक्षा मंत्री धर्मेश प्रधान का इस्तीफा मांगा






**नई दिल्ली।** एनईईटी पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, यानी सीजेपी ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि मंत्री आज शाम 5 बजे तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे।

सीजेआई को जंतर-मंतर पर आज शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन दोपहर 3:30 बजे अभिजीत की तबीयत खराब हो जाने के बाद यह समाप्त हो गया। इसके बाद में सोनम वांगचुक के साथ धरनास्थल से रवाना हो गए।

अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे।

सुबह 7:30 बजेः अभिजीत दीपके सुबह अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे डेढ़ घंटे बाद बाहर निकले।

सुबह 9:30 बजेः अभिजीत सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए। हाथ में अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी थी।

सुबह 10:00 बजेः अभिजीत जंतर-मंतर पहुंचे। यहां समर्थकों ने स्वागत किया और लोगों से बातचीत की।

सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तकः दीपके ने अपने समर्थकों के बीच 5 बार छोटी-छोटी स्पीच दी। इस दौरान धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए गए।

दोपहर 3:30 बजे : दीपके की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें गाड़ी में बैठाया गया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। वे सोनम वांगचुक के साथ रवाना हो गए।

#### प्रदर्शन शामिल हुए सोनम वांगचुक

प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई(एमएल) लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वामपंथी छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं।

#### 1000+ पुलिसकर्मी, बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा

सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर पॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1000 से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय पॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी।

**मंत्री के इस्तीफे के लिए 5 दिन की समय सीमा :** अभिजीत ने कहा- कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धमेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

## दिल्ली अग्निकांड के बाद जागा दमकल विभाग

### 22 होटल-गेस्ट हाउस खंगाले, 6 में मिली गंभीर लापरवाही


**जांच**

**निकास मार्ग, फायर फाइटिंग सिस्टम और विद्युत सुरक्षा में मिलीं खामियां**

#### संचालकों को चेतावनी, जल्द सुधार नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली के मालवीय नगर में हाल ही में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना के मद्देनजर गाजियाबाद अग्निशमन विभाग ने व्यापक स्तर पर होटल, रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउसों की फायर सेफ्टी जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान शहर, कौशांबी, साहिबाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर और लोनी क्षेत्र के कुल 22 होटल एवं गेस्ट हाउसों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अर्थव होटल मॉडल टाउन, स्वीच होटल जीटी रोड, शंकर होटल क्रासिंग रिपब्लिक, होटल सनसेट व्यू रेजीडेंसी इलायचीपुर लोनी, होटल ग्रीन वैली साहिबाबाद तथा प्लेटिनम होटल राजबाग में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इन प्रतिष्ठानों में स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम की कार्यशीलता, सुरक्षा उपकरणों के रखरखाव, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों में कमियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन अधिकारियों ने भवन स्वामियों एवं प्रबंधकों को तत्काल सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही होटल कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव, निकासी और अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया। अभियान के दौरान सभी होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देशित किया गया कि भवन के निकास मार्ग सदैव अवरोधमुक्त रखें, बेसमेंट में कूड़ा-कचरा जमा न होने दें, ज्वलनशील सामग्री का अनावश्यक भंडारण न करें तथा समय-समय पर फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच कराते रहें। इसके अलावा विद्युत वायरिंग, लोड और अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों का नियमित परीक्षण कराने के भी निर्देश दिए गए ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं की आशंका को रोका जा सके।

#### सीएफओ राहुल पाल बोले, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि छह प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन नहीं मिला। कई स्थानों पर फायर फाइटिंग सिस्टम पूरी तरह कार्यशील नहीं था, जबकि कुछ जगहों पर सुरक्षा उपकरणों के रखरखाव और आपातकालीन व्यवस्था में कमी पाई गई। संबंधित भवन स्वामियों और प्रबंधकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अग्नि सुरक्षा के प्रति छोटी सी लापरवाही भी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। यदि निर्धारित समय में कमियां दूर नहीं की गईं तो अग्निशमन विभाग द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## ओमकार हत्याकांड में पुलिस का बड़ा प्रहार

# 50 हजार का इनामी गौरव मुठभेड़ में गिरफ्तार, दोनों पैरों में लगी गोली

**कामयाबी**

**अब तक 28 आरोपी सलाखों के पीछे, एक सप्ताह बाद भी नहीं मिला ओमकार का शव**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी के गनौली गांव निवासी ओमकार के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी गौरव पुत्र विजेंद्र को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार 30 मई को गनौली निवासी ओमकार के अपहरण की घटना सामने आई थी। परिजनों की तहरीर पर थाना लोनी में मुकदमा दर्ज कर कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि अपहरण के बाद ओमकार की हत्या कर दी गई और शव को गंगनहर में फेंक दिया गया। हालांकि घटना के एक सप्ताह बाद भी शव बरामद नहीं हो सका है। शुक्रवार को थाना लोनी पुलिस को सूचना मिली कि मामले में वांछित 50 हजार रुपये का इनामी आरोपी गौरव निठौरा रोड की ओर आने वाला है। सूचना पर पुलिस ने निठौरा अंडरपास के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में गौरव ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ओमकार का अपहरण किया था और बाद में उसकी हत्या कर शव को मेरठ रोड स्थित गंगनहर क्षेत्र में फेंक दिया था। पुलिस अब आरोपी की निशानदेही और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ रही है।

#### गंगनहर में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी

#### गंगनहर में युद्धस्तर पर तलाश, डीसीपी ग्रामीण खुद कर रहे मॉनिटरिंग





करंट क्राइम : ओमकार का शव बरामद करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। थाना लोनी, मुरादनगर, निवाड़ी, मसूरी समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में गंगनहर के किनारे सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने मसूरी क्षेत्र के नाहल झाल पहुंचकर सर्च अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को तलाशी अभियान तेज करने और हर संभावित स्थान पर गहन खोजबीन के निर्देश दिए। पुलिस गोताखोरों और स्थानीय संसाधनों की मदद से गंगनहर के कई किलोमीटर क्षेत्र में तलाश कर रही है।

#### अब तक कुल 28 आरोपी गिरफ्तार



करंट क्राइम : पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों को संरक्षण देने वाले चार और गिरफ्तार किए गए है। जिसमें साजिश में सहयोग और आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप में चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है। जिसमें विपिन निवासी मसौटा, सिकंदराबाद, प्रदीप निवासी माधोगढ़ी, सिकंदराबाद, लोकेश निवासी चिटी, जेवर और जितेंद्र उर्फ टीटी निवासी चिटी, जेवर को पकड़ा जा चुका है। गाजियाबाद का यह हत्याकांड अब जिले के सबसे चर्चित मामलों में शामिल हो चुका है। एक ओर पुलिस लगातार गिरफ्तारियां कर रही है, वहीं दूसरी ओर ओमकार का शव बरामद न होना जांच एजेंसियों के सामने बड़ी चुनौती बना हुआ है। पूरे मामले पर पुलिस कमिश्नरेट स्तर से लगातार निगरानी की जा रही है।

#### रंजिश में रची गई थी हत्या की साजिश

करंट क्राइम : पुलिस जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से ओमकार को निशाना बनाया। पुलिस के अनुसार आपराधिक षड्यंत्र के तहत पहले ओमकार का अपहरण किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी का बदला लेने के लिए पूरी वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस इस मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाल रही है।

#### सपा नेता मुखिया गुर्जर पर लोनी थाने में मुकदमा दर्ज

करंट क्राइम : लोनी के चिरौड़ी क्षेत्र में गनौली गांव निवासी ओमकार की हत्या के विरोध में चल रहे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और माहौल खराब करने के आरोप में समाजवादी पार्टी के नेता मुखिया गुर्जर के खिलाफ थाना लोनी में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, धरना स्थल पर कुछ गतिविधियों के चलते कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हुई तथा प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान पड़ा। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाकियू का बड़ा दबाव, डीएम को सौंपा सख्त मांग पत्र

### राकेश टिकैत बोले, समाधान नहीं तो आंदोलन होगा शुरू

**चेतावनी**

**राकेश टिकैत की मौजूदगी में किसानों ने उठाए मुआवजा, बिजली, सिंचाई और भूमि विवाद के तीखे मुद्दे**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में किसानों की लंबित समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने जिला प्रशासन पर सीधा दबाव बनाया। शनिवार को हुई अहम वार्ता में भाकियू ने जिलाधिकारी को सख्त लहजे में मांग पत्र सौंपते हुए साफ संकेत दिया कि यदि किसानों के मुद्दों का तत्काल समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होगा। इस बैठक में भाकियू नेता राकेश टिकैत की मौजूदगी ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक गंभीर बना दिया। बैठक के दौरान भाकियू प्रतिनिधियों ने किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। मुआवजा वितरण में लगातार देरी, बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति, सिंचाई व्यवस्था की कमी और भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवाद प्रमुख रूप से सामने रखे गए।

भाकियू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बार-बार आश्वासन के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। जिला प्रशासन ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। यह वार्ता किसानों की नाराजगी और प्रशासनिक जवाबदेही के बीच एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखी जा रही है, जहां आने वाले दिनों में समाधान या आंदोलन-दोनों में से किसी एक दिशा में स्थिति आगे बढ़ सकती है।

## गाजियाबाद प्रीमियर लीग रोमांच के बीच संपादक मनोज गुप्ता सम्मानित, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने किया अभिनंदन

### स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी से बढ़ा उत्साह, स्थानीय प्रतिभाओं को मिला बड़ा मंच







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन जीसीए द्वारा राजनगर एक्सटेंशन स्थित स्टेडियम में आयोजित गाजियाबाद प्रीमियर लीग (जीपीएल) का रोमांच दूसरे दिन भी चरम पर रहा। दूधिया रोशनी के बीच खेले जा रहे मुकाबलों ने दर्शकों को पेशेवर टी-20 क्रिकेट का शानदार अनुभव कराया। आठ टीमों के बीच हो रहे मुकाबलों में खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों का उत्साह भी देखने लायक रहा।

#### आईपीएल जैसी व्यवस्थाएं बनीं आकर्षण का केंद्र

करंट क्राइम : जीपीएल में थर्ड अंपायर, अत्याधुनिक स्कोरिंग सिस्टम, लाइव स्ट्रीमिंग, चीयर गर्ल्स और अंतरराष्ट्रीय मानकों की व्यवस्थाएं दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं। आयोजकों के अनुसार कई देशों में टूनार्मेंट का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। खेल प्रेमियों का मानना है कि जीपीएल न केवल गाजियाबाद की क्रिकेट प्रतिभाओं को नई पहचान देगा, बल्कि जिले को राष्ट्रीय क्रिकेट मानचित्र पर भी मजबूत स्थान दिलाने का काम करेगा।

#### जीसीए अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने किया संपादक मनोज गुप्ता को सम्मानित



शनिवार को दैनिक करंट क्राइम समाचार के संपादक मनोज गुप्ता को जीसीए के अध्यक्ष राकेश मिश्रा, मनोज मांकड़ और राजीव कुरील ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोज गुप्ता ने कहा कि जीसीए ने जिस भव्यता और पेशेवर अंदाज में जीपीएल का आयोजन किया है, वह गाजियाबाद के लिए गौरव की बात है। टूनार्मेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं और तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच मिल रहा है। जीपीएल में क्रिकेट जगत के कई बड़े नाम आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना, आईपीएल स्टार रिंकू सिंह, युवा बल्लेबाज समीर रिजवी और शानदार प्रदर्शन से पहचान बना चुके प्रशांत वीर जैसे खिलाड़ी टूनार्मेंट से जुड़े हैं। इनके साथ गाजियाबाद और प्रदेश के उभरते खिलाड़ी भी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।



# पश्चिम एशिया संकट के बीच ऐक्शन में पीएम मोदी, आर्थिक सलाहकार समिति के साथ बैठक



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष ने पूरे विश्व को ऊर्जा संकट में धकेल दिया है। ऊर्जा के लिए इस क्षेत्र पर निर्भर रहने वाला हमारा देश भी इस आर्थिक संकट से अछूता नहीं है। ऐसे में इस संकट से निपटने के उपायों पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और तमाम संकटों के बीच व्यापार को सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए विभिन्न सुधारों पर बातचीत हुई।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में देश की आर्थिक विकास दर को बढ़ाने और बाहरी आर्थिक झटकों से देश को बचाने के ऊपर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने बदलते वैश्विक परिदृश्य को लेकर भारत की क्या भूमिका हो सकती है और हमारे देश के ऊपर जो आर्थिक प्रभाव पड़ रहे हैं, इनसे कैसे बचा जा सकता है। इसका आकलन प्रस्तुत किया।

बता दें, प्रधानमंत्री की तरफ से आर्थिक सलाहकार समिति की यह बैठक ऐसे समय में बुलाई गई है, जब पूरी दुनिया समेत भारत भी ऊर्जा आयात को लेकर चिंतित है। होर्मुज पर ईरान और अमेरिका के बीच लड़ाई चल रही है, जिसकी वजह से ऊर्जा संकट बढ़ा हुआ है दूसरी तरफ भारत के सबसे बड़े ऊर्जा निर्यातकों में से एक रूस के ऊर्जा भंडारों पर यूक्रेन लगातार हमला कर रहा है। इससे और भी ज्यादा संकट बढ़ने के आसार बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में अपने भाषणों में भी दुनिया के सामने आने वाले संकट का जिक्र किया था। शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्तमान दशक चुनौतियों से भरा हुआ रहा है। इस पूरे दशक को कोविड-19 महामारी और सैन्य संघर्षों के लिए याद रखा जाएगा।

इससे पहले भी प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए लोगों के विदेश यात्राएं कम करने, सोना कम खरीदने और पेट्रोल डीजल का कम से कम उपयोग करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री की इस अपील के बाद कई मंत्रियों और नेताओं ने अपने काफिलों में कमी की थी इसके साथ ही कई लोगों ने अपनी विदेश यात्राओं को भी रद्द कर दिया था।

# रचा इतिहास: पूर्वोत्तर से किसी हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस बनने वाली पहली महिला बनीं मीनाक्षी, तीन दशक लंबा अनुभव



**सिक्किम।** भारतीय न्यायपालिका में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के बीच एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। सिक्किम की न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने शुक्रवार को पटना हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही वह पूर्वोत्तर भारत से किसी भारतीय उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला बन गई हैं।

न्यायमूर्ति राय ने न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू का स्थान लिया है, जो इस वर्ष की शुरूआत में सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी नियुक्ति को न केवल सिक्किम, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। न्यायिक और विधि समुदाय से जुड़े लोगों का कहना है कि यह नियुक्ति उच्च न्यायपालिका में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और प्रतिनिधित्व का प्रतीक है।

न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय का न्यायिक सफर तीन दशक से अधिक लंबा रहा है। उन्होंने वर्ष 1990 में सिक्किम की पहली महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-सह-सिविल जज के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उस समय यह उपलब्धि राज्य की न्यायिक व्यवस्था में महिलाओं के लिए एक बड़ी प्रगति मानी गई थी। इसके बाद उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिक्किम हाईकोर्ट की रजिस्ट्रार जनरल और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वर्ष 2015 में वह सिक्किम हाईकोर्ट की न्यायाधीश बनने वाली राज्य की पहली महिला बनीं और अब पटना हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश के रूप में उन्होंने एक और ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

पटना हाईकोर्ट में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायाधीशों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, सरकारी अधिकारियों और विधि समुदाय के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राय को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। सिक्किम के राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भी उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है। इसे हिमालयी राज्य के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा गया कि न्यायमूर्ति राय की उपलब्धि देशभर की महिला विधि पेशेवरों और न्यायिक सेवा में आने वाली युवा महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### क्यों महत्वपूर्ण है यह नियुक्ति

भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से उच्च न्यायपालिका में कई प्रतिष्ठित न्यायाधीश रहे हैं, लेकिन किसी भारतीय हाईकोर्ट का नेतृत्व करने वाली महिला न्यायाधीश के रूप में यह पहली नियुक्ति है। इसे न्यायपालिका में क्षेत्रीय और लैंगिक प्रतिनिधित्व के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। 1990 में सिक्किम की पहली महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-सह-सिविल जज बनीं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दीं। सिक्किम हाईकोर्ट की रजिस्ट्रार जनरल और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रहीं।

# अगले साल तक बाल श्रम मुक्त होगा उत्तर प्रदेश

## 12 जून को 15 जिलों के 140 हॉटस्पॉट होंगे मुक्त घोषित



**लखनऊ।** प्रदेश को अगले वर्ष तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में 12 जून को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर 15 जिलों के करीब 140 बाल श्रम हॉटस्पाट को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाएगा।

इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश में कुल 543 बाल श्रम हॉटस्पाट चिन्हित किए गए हैं, जहां विशेष निगरानी और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के पुनर्वास से जुड़े विभिन्न विभागों व संस्थाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए कानपुर, वाराणसी, मीरजापुर, चित्रकूट, झांसी, गोरखपुर, देवीपाटन, लखनऊ और आगरा मंडलों में मंडलायुक्तों की अध्यक्षता में कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, फरुर्खाबाद, औरैया, इटावा और गोंडा जिलों में दिसंबर 2026 तक पूरी तरह बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी जिलों में टास्क फोर्स का गठन किया जा चुका है।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की अवधारणा के अनुरूप ऐसे बच्चों की पहचान पर भी जोर दिया जा रहा है, जो न तो स्कूल जाते हैं और न ही किसी कार्यस्थल पर पंजीकृत हैं। 12 जून के कार्यक्रम में इनके संबंध में विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसके साथ ही 21 जून तक जागरूकता अभियान के तहत बाल श्रम उन्मूलन रैलियां, श्रमिक पंजीयन शिविर, संकल्प सम्मेलन और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वर्तमान में ई-श्रम पोर्टल पर अभी 38,930 गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर पंजीकृत हैं। वहीं 8.42 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों का डाटा पोर्टल पर उपलब्ध है। इनमें 79,246 श्रमिकों का पंजीकरण प्रदेश सामाजिक सुरक्षा बोर्ड में कराया जा चुका है।

# कोलकाता की रफ्तार बढ़ाने की तैयारी: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मेट्रो-ऑटो से किया सफर, 60 नई ट्रेनों का एलान

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे से मेट्रो में यात्रा की। नोआपारा स्टेशन पर उतरने के बाद मंत्री ने ईंधन बचाने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के लिए बेलघोरिया एक्सप्रेसवे जाने के लिए एक ऑटो लिया।

### 60 नई पीढ़ी की ट्रेनें शामिल की जाएंगी

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंत्री ने जय हिंद स्टेशन से नोआपारा स्टेशन तक कोलकाता मेट्रो से यात्रा की और सहयात्रियों से बातचीत करके उनके यात्रा अनुभव को समझा और मेट्रो सेवाओं पर प्रतिक्रिया ली। इसके साथ ही मंत्री ने घोषणा की कि अगले चार से पांच वर्षों में कोलकाता मेट्रो नेटवर्क में लगभग 60 नई पीढ़ी की ट्रेनें शामिल की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नई ट्रेनों से मेट्रो सेवाओं का आधुनिकीकरण होगा। इससे शहर में आवागमन और भी मजबूत होगा।





रेल मंत्री ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदुअधिकारी से मुलाकात कर चल रही विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। राज्य सरकार मेट्रो लिंक को उत्तर में बैरकपुर तक विस्तारित करने के लिए उत्सुक है। हालांकि सर्वेक्षण और रेखाचित्र पूरे हो चुके थे, लेकिन पूर्व सरकार ने बीटी रोड के नीचे पानी की पाइपलाइन की मौजूदगी का हवाला देते हुए इसमें बाधा से हुई है।। यह परियोजना उत्तरी उपनगरों से प्रतिदिन कोलकाता आने-जाने वाले हजारों यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक साबित होगी। मेट्रो रेलवे राजारहाट होते हुए गरिया-हवाई अड्डे के निमार्णाधीन मार्ग को पूरा करने के लिए भी उत्सुक है।

### स्वच्छता बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की

वैष्णव ने स्टेशनों पर मेट्रो कर्मचारियों से भी बातचीत की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से बात की और स्वच्छता बनाए रखने के उनके प्रयासों की सराहना की। कर्मचारियों ने इस बात पर खुशी जताई कि उनकी चिंताएं और सुझाव सीधे रेल मंत्री तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने पिछले कई वर्षों में शहर के मेट्रो नेटवर्क के विस्तार में निर्माण और संचालन में शामिल लोगों की भूमिकाओं की भी सराहना की। मंत्री ने नेटवर्क को और आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चल रही मेट्रो विस्तार परियोजनाओं से कोलकाता भर में कनेक्टिविटी और यात्रियों की सुविधा में काफी सुधार होगा। अपनी ऑटो-रिक्शा यात्रा के दौरान, वैष्णव ने पश्चिम बंगाल में हाल ही में सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के 'डर को दूर भगाओ, भरोसा रखो' अभियान पर प्रकाश डाला।

# अन्नामलाई के आंदोलन से 24 घंटे मे 14 लाख लोग जुड़े

**नई दिल्ली।** के. अन्नामलाई ने शुक्रवार, 5 जून को भारतीय जनता पार्टी से अलग होने की औपचारिक घोषणा कर दी और इसके कुछ ही मिनट बाद अपने खुद के राजनीतिक आंदोलन को शुरू करने की योजना का एलान कर दिया।

अन्नामलाई के इस आंदोलन में 24 घंटे के भीतर करीब 14 लाख लोगों ने इसमें शामिल होने के लिए साइन-अप किया है। अन्नामलाई की भारतीय जनता पार्टी के साथ काफी समय से अनबन चल रही थी, लेकिन शुक्रवार को भाजपा पार्टी प्रमुख नितिन नवीन ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी अन्नामलाई ने अपने इस्तीफे में लिखा, 'इस समय, मैं शीर्ष नेतृत्व के साथ हुई कई बातचीत और पिछले 18 महीनों में मैंने जो असहमति जताई है, उसे याद करना चाहूंगा।'

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की जीडीपी वृद्धि को मजबूती का प्रतीक बताया, पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा




**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी के 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की आर्थिक प्रगति की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह भारत की मजबूती और उस ठोस आधार को दिखाता है, जिसे पिछले 12 वर्षों में 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के जरिए तैयार किया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'ऐसे समय में जब कई देश आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी और चौथी तिमाही में यह रफ्तार बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई। यह भारत की मजबूती और उस ठोस आधार को दिखाता है, जिसे पिछले 12वर्षों में 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के जरिए तैयार किया गया है।' इस दौरान, रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक विकास के साथ-साथ स्थिरता, आत्मविश्वास, टिकाऊपन और विश्वसनीयता को भी आगे बढ़ाया है। राष्ट्र-निर्माण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्यमिता पर उनका ध्यान और अभूतपूर्व वैश्विक चुनौतियों के बीच देश को सही दिशा देने की उनकी क्षमता ने भारत को एक आत्मविश्वासी, मजबूत और दुनिया भर में सम्मान पाने वाली आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया है।' राजनाथ सिंह ने आगे लिखा, 'जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत' के विजन की ओर बढ़ रहा है। विकास की यह शानदार कहानी नए अवसर पैदा कर रही है। 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों को मजबूत कर रही है।'

### गृह मंत्री ने क्या कहा?

इससे पहले, केंद्रीय गृह अमित शाह ने जीडीपी के 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने पर प्रसन्नता जताई। अमित शाह ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किए गए दूरदर्शी आर्थिक सुधार देश में आर्थिक समृद्धि को निरंतर गति दे रहे हैं, जिससे भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। ऐसे समय में जब विश्व आर्थिक संकटों से जूझ रहा है, भारत की 7.7 प्रतिशत की विकास दर और सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए उसका प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि पिछले 12 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था ने कितनी मजबूती हासिल की है। चाहे महामारी का दौर हो या युद्ध जैसी वैश्विक चुनौतियां, मोदी जी की दूरदर्शी नीतियां ही देश को हर संकट से सुरक्षित रूप से पार ले जा रही हैं।

# अंडमान के पास मिला प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार, आत्मनिर्भरता की ओर भारत का बड़ा कदम



**नई दिल्ली।** अंडमान निकोबार क्षेत्र में प्राकृतिक गैस के बड़े भंडार मिले हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक वीडियो साझा करते हुए इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने अंडमान अपतटीय बेसिन में प्राकृतिक गैस का एक बड़ा भंडार खोज निकाला है। इससे भारत के ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की संभावना को और भी ज्यादा बल मिला है।

इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि अंडमान निकोबार द्वीपों से 15 किलोमीटर दूर श्री विजय पुरम-3 में हमें प्राकृतिक गैस के भंडार मिले हैं।

यह कुआं पानी में करीब 1900 मीटर गहराई में स्थिति हैं। शुरूआती टेस्टिंग के दौरान लगातार गैस जलने से गैस की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। गैस के नमूने की जांच के लिए उसे लैबोरेट्री में भेजा गया है। यह खोज प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2025 पर घोषित समुद्र मंथन मिशन के उद्देश्यों को मजबूती प्रदान करती है।

ऑयल इंडिया द्वारा अंडमान बेसिन में अब तक खोदे गए तीन कुओं में से दो में हाइड्रोकार्बन की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफलता भारत को वैश्विक ऊर्जा कंपनियों के साथ सहयोग बढ़ाने और गहरे समुद्री ऊर्जा संसाधनों के दोहन में नई संभावनाएं प्रदान करेगी। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अमृत काल के हमारे सफर में यह खोज एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

# मालवीय नगर अग्निकांड: दोषी अधिकारियों के वेतन, पेंशन और संपत्ति से होगी वसूली



**नई दिल्ली।** मालवीय नगर अग्निकांड के बाद दिल्ली सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मामले को लेकर शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें राजधानी में अवैध और नियमों के विपरीत बने भवनों पर सख्त कार्रवाई समेत कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में अधिकारियों को सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बता दें कि इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई है, कई घायलों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है।

बैठक में फैसला लिया गया कि दिल्ली में बन रही जी+5 मंजिल (ग्राउंड फ्लोर समेत 5 मंजिला) वाली सभी निमार्णाधीन इमारतों की तत्काल जांच की जाएगी। इसके साथ ही पहले से बन चुकी ऐसी इमारतों की भी समीक्षा होगी। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि निर्माण कार्य निर्धारित सुरक्षा मानकों और नियमों के अनुरूप हो।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत मौजूद दंडात्मक प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने का फैसला लिया गया। इसके तहत दोषी पाए जाने पर दो साल तक की सजा का प्रावधान है।

### दोषी अधिकारियों से होगी नुकसान की वसूली

सरकार ने यह भी तय किया है कि रेवेन्यू रिकवरी एक्ट 2018-19 के तहत दोषी अधिकारियों से नुकसान की भरपाई कराई जाएगी। यह वसूली अधिकारियों के वेतन, पेंशन और संपत्ति से की जा सकेगी। साथ ही जिलों में गठित टास्क फोर्स को सक्रिय कर निरीक्षण और निगरानी अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।

अस्पताल प्रशासन और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज मिले। सीएम ने दिल्ली सरकार की ओर से इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने और गंभीर रूप से घायलों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान भी किया। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपए का मुआवजा दिए जाने की जानकारी दी थी।

# दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर तकनीकी कार्य से ट्रेनें रद, इन ट्रेनों के मार्ग बदले; यात्री परेशान

सोनीपत। दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर चल रहे तकनीकी कार्य के चलते शनिवार को बठिंडा एक्सप्रेस व दिल्ली-अमृतसर इंटरसिटी एक्सप्रेस रद रही। वहीं चार एक्सप्रेस ट्रेनों को मार्ग परिवर्तित कर चलाया गया। वहीं इस रूट पर चलने वाली अन्य पैसेंजर, मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से एक से तीन घंटे की देरी से चली, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यात्री गर्मी के बीच शेड के नीचे बैठकर ट्रेनों का इंतजार करते रहे। रेलवे की तरफ से शाहबाद मारकंडा और मोहरी रेलवे स्टेशनों पर नए इंटरलाकिंग पैनल लगाने व अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य किए जा रहे हैं, जिसके चलते रेलवे यातायात ब्लाक लिया गया था। इस ब्लाक के कारण शनिवार को रेलवे परिचालन बाधित रहा।

# जंतर-मंतर: धरने पर कॉकरोच पार्टी के फाउंडर, सोनम वांगचुक भी शामिल



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके शनिवार को 'जय भीम' के नारों के बीच जंतर-मंतर स्थित प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल हुए। कॉकरोच जनता पार्टी प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और नीट-यूजी पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर यह प्रदर्शन कर रही है। एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी कॉकरोच जनता पार्टी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

अभिजीत दिपके अमेरिका के बोस्टन से शनिवार सुबह नई दिल्ली पहुंचे। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सैकड़ों युवाओं ने उनका स्वागत किया। दिपके भारी सुरक्षा के बीच जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। अभिजीत दिपके का कहना है कि नीट-यूजी पेपर लीक समेत विभिन्न परीक्षा संबंधी विवादों ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है और इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना होगा।

कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक शख्स 'हिट' स्प्रे लेकर जंतर-मंतर पहुंचा। उसने सीजेपी को 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का विस्तार बताया। इस दौरान सीजेपी समर्थकों और शख्स के बीच मामूली कहासुनी और धक्का-मुक्की की स्थिति बनी, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर शख्स को वहां से हटा दिया और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा।

जंतर-मंतर के आसपास बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। सीजेपी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें प्रदर्शनकारियों ने कहा, 'हमने शिक्षा मंत्री को चुना और वहां भेजा है। उनका वेतन हमारे टैक्स के पैसे से जाता है। उनके कार्यकाल में करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में चला गया है। कॉकरोच आ रहे हैं, धर्मेंद्र प्रधान जा रहे हैं।'

कॉकरोच जनता पार्टी की शुरूआत सोशल मीडिया पर एक व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में हुई थी। यह कैंपेन भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की युवाओं के एक विशेष समूह को 'कॉकरोच' बताने संबंधी टिप्पणी के बाद चर्चा में आया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी को व्यापक समर्थन मिला। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को सीजेपी को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति दे दी। पुलिस को उसी दिन सीजेपी की ओर से औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ था, जिसके बाद जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की मंजूरी दी गई।

# देशभर में 45 लाख लोगों से ठगी मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार, बॉलीवुड कनेक्शन भी आया सामने

**सोनीपत।** देशभर में 45 लाख लोगों से ठगी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने एक महिला सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। महिला को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि आरोपित गाजियाबाद के राजेंद्र नगर के चंद्र प्रकाश को पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

मामले में पहले दो आरोपित गिरफ्ता किए गए हैं। 22 जनवरी, 2025 में मध्य प्रदेश में रजिस्टर्ड कंपनी से जुड़े एक्टर श्रेयस तलपड़े सहित 13 लोगों के खिलाफ थाना मुरथल में मामला दर्ज हुआ था।

दोनों बालीवुड एक्टर्स ने इस कंपनी में इंवेस्टमेंट के लिए प्रमोशन किया था। वहीं, बालीवुड एक्टर सोनू सूद भी इस कंपनी के कार्यक्रम में चीफ गेस्ट बनकर आ चुके हैं।

शिकायतकर्ता ने प्रदेश भर में 45 लाख से ज्यादा लोगों से करोड़ों की ठगी की शिकायत दी थी। प्रदेश में कंपनी के 250 कार्यालय थे। ठगी की पोल खुलने लगी तो कार्यालयों पर ताला लगाकर अधिकारी गायब हो गए। थे। डीजीपी को शिकायत देने पर जांच के बाद मामला दर्ज हुआ है।

हसनपुर गांव के रहने वाले विपुल कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि कि ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम के तहत मध्य प्रदेश के इंदौर में रजिस्टर्ड थी। जो 16 सितंबर 2016 से हरियाणा समेत देश के कई राज्यों काम कर रही थी। सोसायटी ने लोगों को फिक्स्ड डिपाजिट (एफडी) और आवर्ती जमा (आरडी) योजनाओं में इंवेस्टमेंट का आफर दिया। सोसायटी ने साल 2016 से 2023 तक सही ढंग से काम किया। लोगों को इंवेस्टमेंट के मैच्योर होने पर उन्हें रकम भी लौटाई गई। इसके अलावा नए निवेशक जोड़ने वाले एजेंट्स को भी उनका इंसेंटिव टाइम पर दिया गया।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में 'दिशा' की बैठक में तय हुई विकास की दिशा

## प्रदूषण नियंत्रण से लेकर शुद्ध पेयजल को लेकर सांसद ने कहा प्राथमिक जिम्मेदारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को कलैक्ट्रेट में स्थित विकास भवन सभागार में जिलाविकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लोकसभा सांसद तथा समिति के अध्यक्ष अतुल गर्ग की अध्यक्षता में समपन्न हुई। इस बैठक में सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि जनसामान्य को जाम से राहत दिलाने हेतू ठोस कार्ययोजना तैयार की जाये। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विभागीय कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार आवश्यक है। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है। दिशा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने जनहित से जुडे कार्यों में तेजी लाने, योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### ट्रैफिक मैनेजमेंट और जाम की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश

करंट क्राइम। बैठक में जनपद में बढ़ती यातायात एवं जाम की समस्या पर विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्ष अतुल गर्ग ने कहा कि जनसामान्य को जाम से राहत दिलाने हेतु समन्वित एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट रोड, क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्र, घंटाघर चौराहा, पटेल नगर चौराहा तथा अन्य प्रमुख यातायात प्रभावित स्थलों पर विशेष माइक्रो प्लान तैयार कर प्रभावी यातायात प्रबंधन व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया गया। इस पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### पॉल्यूशन फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही ही एकमात्र सोल्यूशन

करंट क्राइम। दिशा की बैठक में सांसद अतुल गर्ग ने गाजियाबाद में बढ़ रहे वायु प्रदूषण तथा जलप्रदूषण को लेकर गम्भीर चिंता व्यक्त की। इस बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों द्वारा भी अवगत कराया गय कि कुछ औद्योगिक ईकाईयों द्वारा कैमिकल और रंग युक्त अपशिष्ट पानी का अनुचित निस्तारण किया जा रहा है। इससे भूगर्भजल प्रदूषित होता है, जिस पर कानूनी कार्यवाही अपेक्षित है। बैठक में अध्यक्ष अतुल गर्ग ने संबंधित विभागों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बैठक में ये मांग भी हुई कि वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर भी सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। सांसद अतुल गर्ग ने पॉल्यूशन कन्ट्रोल विभाग , प्रशान तथा संबंधित एजेंसियों को संयुक्त अभियान चलाकर दोषियों के विरूद्ध कठोर तथा प्रभावित कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रर्यावरण संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही होगी।

### शुद्ध पेयजल की उपलब्धता तथा जलसंरचनाओं के रखरखाव पर बल

करंट क्राइम। जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद की विभिन्न जल टंकियों के अनुरक्षण, मरम्मत एवं नियमित सफाई की आवश्यकता पर बल दिया गया एवं जनता को नियमित रूप से पेयजल सप्लाई कराने हेतु निर्देशित किया। इस पर अध्यक्ष तथा सांसद अतुल गर्ग ने जल निगम को निर्देशित किया कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करते हुए किसी भी प्रकार की बाधा अथवा गुणवत्ता संबंधी शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### दिशा की बैठक में इन विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

करंट क्राइम। बैठक के दौरान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम गाजियाबाद, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, पुलिस एवं यातायात विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, पर्यटन विभाग, जिला पूर्ति कार्यालय, जल जीवन मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, महिला कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, ई-श्रम योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आवास विकास परिषद, जलकल विभाग, नगर निकायों, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, समाज कल्याण विभाग, डूडा गाजियाबाद सहित विभिन्न विभागों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।


### मंत्री-संगठन और अधिकारी रहे मौजूद

करंट क्राइम। बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री नरेन्द्र कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्षा ममता त्यागी, विधायक मोदीनगर डॉ. मंजू सिवाच, विधायक सदर संजीव शर्मा, विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी, विधायक लोनी नन्दकिशोर गुर्जर, विधायक धौलाना धर्मेश तोमर, विभिन्न नगर निकायों के अध्यक्षगण, ब्लॉक प्रमुख भोजपुर, सूचेता सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रशासनिक अधिकारियों में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, पुलिस उपायुक्त (यातायात) त्रिगुण बिसेन, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक मिश्र, परियोजना निदेशक प्रदीप पाण्डेय तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

# अगर आरडब्ल्यूए की प्योर है इंटेंशन तो फिर किस बात की हो रही है टेंशन

## जो कुछ भी है मैटर वो शब्द-ब-शब्द बता रहे हैं आरडब्ल्यूए के लैटर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर में सड़क को लेकर अब उस लैटर ने पूरा मैटर बता दिया है जो सबसे पहले आरडब्ल्यूए की तरफ से महापौर को लिखा गया। जो लैटर नगरायुक्त को लिखा गया। हालाकि क्षेत्र के लोंगों का मानना है कि जनसुविधा की मांग कोई भी कर सकता है, इसमें कोई इतनी बड़ी बात नहीं है। अगर क्षेत्र में सड़कों को लेकर नागरिकों को समस्या है तो आरडब्ल्यूए उनकी बात को रख सकती है। आरडब्ल्यूए ने ये बात रखी भी और लिखित रूप से ये लैटर दिया गया। इस लैटर की प्रति भी करंट क्राइम के पास है। अब सवाल ये उठा है कि मंशा को लेकर टिप्पणी ठीक नहीं है। सवाल अब ये भी उठ गया है कि अगर पदाधिकारियों की इंटेंशन ठीक है तो फिर वो क्यों टेंशन ले रहे हें। किस बात का कन्फ्यूजन है, क्या सड़कों की हालत पत्र में नहीं बताई गयी है। क्या मेयर और नगरायुक्त को दिये गये इस लैटर से किसी की राजनीतिक छवि धूमल करने की कोई मंशा है, अगर मंशा ठीक है तो फिर किस बात का स्पष्टीकरण हो रहा है, किस बात का जवाब मांगा जा रहा है।



सुविधा प्राप्त हो सके।

Joint Secretary
Pankaj Bhardwaj
9891960099

महोदय/महोदया हमने इस समस्या को कई बार राजनगर क्षेत्र के पार्षद आदरणीय श्री प्रवीण चौधरी जी के समक्ष भी रखा है, परन्तु बार बार अवगत कराने के उपरांत भी इस विषय में उनके द्वारा कोई ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है।

Chief Convenor
G.P. Agarwal
9310085615

Lagal Advisor
Rajbir Tyagi
9810458960

यह भी उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय पार्षद आदरणीय श्री प्रवीण चौधरी जी के समक्ष भी यह विषय रखा गया था तथा उन्होंने स्वयं इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसे महापौर महोदया एवं नगर आयुक्त के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया

गौरतलब है कि आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ने अपने हस्ताक्षर के साथ आरडब्ल्यूए के लैटर हैड पर राजनगर की सड़कों की स्थिति को लेकर एक पत्र मेयर को दिया है। यहां सबसे खास बात ये है कि पहले पत्र और दूसरे पत्र में पार्षद के लिए शब्दों का अर्थ ही बदल गया।

पहले पत्र में साफ लिखा है कि हमने इस समस्या को कई बार राजनगर क्षेत्र के पार्षद आदरणीय परवीण चौधरी के समक्ष भी रखा है परन्तु बार बार अवगत कराने के उपरान्त भी इस विषय में उनके द्वारा कोई ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही नहीं की गयी।


जबकि दूसरे लैटर में भाषा के शब्द बदल गये हैं और इसमें लिखा गया है कि आरडब्ल्यूए ने समय समय पर संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष ये मामला उठाया है। दूसरे पत्र में लिखा जा रहा है कि यह भी उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय पार्षद आदरणीय प्रवीण चौधरी जी के समक्ष भी यह विषय रखा गया था। उन्होंने इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए इसे महापौर और नगरायुक्त के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया है। सवाल यही है कि अगर इंटेंशन प्योर है तो फिर भाषाशैली को बदलने पर क्यों जोर है।

फिलहाल सड़क का मामला मेयर के पास है , नगरायुक्त के पास है। जहां तक पार्षद की बात है तो वो अपने प्रयासों से रिपेयर का काम ले आये हैं। नई सड़क की मांग आरडब्ल्यूए कर रहा है और ये मांग कितनी स्वीकार की जायेगी ये बजट पर निर्भर करता है। हालाकि ये बात भी उठ रही है कि जो बात स्थानीय पार्षद के माध्यम से कही जा सकती थी, वो बात अगर सीधे मेयर के पास पहुंची है, नगरायुक्त के पास पहुंची है तोफिर या तो पार्षद ने हाथ खड़े कर दिये या फिर आरडब्ल्यूए को लगा कि सीधे बात रखना ज्यादा उचित रहेगा।

### आरडब्ल्यूए हमेशा रखते रहे हैं पार्षद के माध्यम से सुझाव

करंट क्राइम। एक लैटर है, दूसरा लैटर है और शब्द मेयर के समक्ष कुछ और हैं और समाचार के समक्ष कुछ और हैं। आरडब्ल्यूए से जुड़े लोग बताते हैं कि अगर नदियापार में देखें तो वहां कई आरडब्ल्यूए हैं। सड़क सीवर से जुड़ी समस्याओं को लोग आरडब्ल्यूए या पार्षद को बताते हैं। फिर पार्षद सदन में इन मुददों को उठाते हैं। पार्षद जनता की आवाज होते हैं और जनता के वोट से चुनकर आते हैं। पार्षद को आरडब्ल्यूए नहीं चुनता है। पार्षद को क्षेत्र की जनता चुनती है और लोकतांत्रिक भाषा में पहला जनप्रतिनिधि पार्षद होता है और देहात में पहला जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान होता है।

### पत्र तुम्हारा और विचित्र खंडन भी तुम्हारा



Executive group...
2 online
S. 14. 14. Rwa. Dk. Goyal. ji....
साथियों,
यह खबर एक दम गलत है| जरूर इसमें किसी की कोई साजिश है| पार्षद जी से न तो पहले कभी कोई शिकायत थी और न ही आज है |उनके द्वारा राज नगर क्षेत्र का जितना विकास किया गया है वह उल्लेखनीय है |पार्षद जी के कार्यकाल में राज नगर क्षेत्र में जितनी साफ सफाई, पार्कों की सुंदरता,पार्कों में लाइट आदि के कार्य हुए हैं इतने कार्य पहले कभी नहीं हुए और मैं समझता हूँ कि शायद ही अन्य कोई पार्षद अपने क्षेत्र के लिए इतना कार्य कर पाता होगा |यह सूचना RRWA व पार्षद जी के मध्य मतभेद उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रचारित की गई है | मेरा सभी से निवेदन है कि कृपया इस भ्रमित करने वाली सूचना को ignore करें
15:37

करंट क्राइम। पूरे मामले में कमाल ही हो गया है कि जिस पत्र पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के हस्ताक्षर हैं। उस पत्र में कहा गया कई बार पार्षद के समक्ष मामला रखा और बार बार अवगत कराने के बाद कोई ठोस एंव प्रभावी कार्यवाही नही हुई। फिर पत्र लिखा और उसमें लिखा कि पार्षद के समक्ष विषय रखा गया और उन्होंने समस्या को गम्भीरता से लेते हुए मेयर और नगरायुक्त के समक्ष उठाने आ आश्वासन दिया। कमाल तो तब हो गया जब व्हाटसअप ग्रुप पर भी सफाई दी की खबर गलत, फिर साजिश बताई गयी और कहा गया कि पार्षद से ना पहले कभी शिकायत थी और ना आज है। उनके द्वारा राजनगर क्षेत्र में जितना विकास किया गया, वो उल्लेखनीय है। शायद ही कोई पार्षद अपने क्षेत्र में इतना काम कर पाता होगा। वैसे इसमें कोई दोराय भी नहीं है कि प्रवीण चौधरी ने अपने कार्यकाल में राजनगर की सड़क से लेकर पार्क की व्यवस्था को दुरूस्त किया है। सीवर से लेकर पेयजल तक हर क्षेत्र में काम हुआ है। स्थानीय लोग भी हैरान है कि जिस पार्षद ने इतना काम कराया है अब लैटर में उनके बारे में ऐसा कैसे लिख दिया गया। फिलहाल आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अब व्हाटसअप ग्रुप पर भी पार्षद को बहुत बढ़िया बता रहे हैं।


# लोनी के अपराधियों पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

## ऑपरेशन क्लीन के तहत 978 का भौतिक सत्यापन, कुल 2049 पर निगरानी कड़ी

**सख्ती**

**अपराध पर नकेल कसने की बड़ी कार्रवाई, एडिशनल सीपी केशव चौधरी के नेतृत्व में सख्त अभियान**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत थाना लोनी क्षेत्र में अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ तेज और आक्रामक अभियान चलाया गया। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय केशव चौधरी के पर्यवेक्षण में किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया। इसमें 978 अपराधियों का मौके पर भौतिक सत्यापन, 2049 पर पुलिस की पैनी नजर रही। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने युक्त ऐप पर दर्ज अपराधियों के घर-घर जाकर सत्यापन किया। इस अभियान में जहां 978 अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया गया, तो अब तक कुल 2049 अपराधियों की जांच पूरी हुई है। इसके साथ ही हिस्ट्रीशीटर, लुटेरे, हत्या व चोरी के मामलों में शामिल अपराधियों पर विशेष फोकस रखने के साथ, हर गतिविधि पर नजर – पुलिस ने खंगाली पूरी कुंडली व पुलिस टीमों ने अपराधियों के वर्तमान निवास, रोजगार स्थिति, दैनिक गतिविधियां और पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की बारीकी से जांच कर उनकी वास्तविक स्थिति का आकलन किया।

### कड़ी चेतावनी: अब हर कदम पर पुलिस की नजर, कोई ढिलाई नहीं

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी ने बताया है कि सत्यापन के दौरान सभी चिन्हित अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि किसी भी अवैध गतिविधि या अपराध में संलिप्तता पाए जाने पर तत्काल और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केशव चौधरी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन क्लीन का उद्देश्य सिर्फ सत्यापन नहीं बल्कि अपराधियों पर निरंतर दबाव बनाकर क्षेत्र में स्थायी कानून-व्यवस्था स्थापित करना है। ऐसे अभियान आगे भी लगातार और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेंगे। कहा जा रहा है कि लोनी में पुलिस का शिकंजा मजबूत, अपराधियों में बढ़ी बेचैनी ऑपरेशन क्लीन के तहत हुई यह बड़ी कार्रवाई साफ संकेत देती है कि अब लोनी क्षेत्र में अपराधियों के लिए कोई ढील नहीं है और पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में है।

# कनावनी में अवैध मदरसे पर प्रशासन का कड़ा एक्शन, जामिया खुल्फा ए राशिदीन सील

## डीसीपी, एसीपी व भारी फोर्स के साथ बड़ा प्रशासनिक एक्शन, इलाके में मचा हड़कंप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के इंदिरापुरम थानाक्षेत्र अंतर्गत कनावनी इलाके में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मदरसा जामिया खुल्फा ए राशिदीन को सील कर दिया।

अल्पसंख्यक विभाग और पुलिस की संयुक्त जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि उक्त मदरसा न तो वैध रूप से पंजीकृत था और न ही अल्पसंख्यक विभाग द्वारा निर्धारित मानकों का पालन कर रहा था। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग की अनिवार्य एनओसी भी उपलब्ध नहीं पाई गई, जो गंभीर सुरक्षा उल्लंघन माना गया है।

### डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में हुई कार्रवाई





करंट क्राइम : सीलिंग कार्रवाई डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में की गई। इस दौरान एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी अजय कुमार सहित इंदिरापुरम पुलिस टीम और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पूरे परिसर की गहन जांच के बाद विधिवत सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### हिंडन में संदिग्ध मांस फेंकने की घटना के बाद से प्रशासन की नजर में था मदरसा

करंट क्राइम : कनावनी स्थित मदरसा जामिया खुल्फा ए राशिदीन पहले भी विवादों के कारण सुर्खियों में रह चुका है। कुछ समय पूर्व गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने इसी मदरसे से जुड़े दो बच्चों को हिंडन नदी में संदिग्ध मांस फेंकते हुए पकड़ा था। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मदरसे से जुड़े एक मौलवी को भी गिरफ्तार किया गया था और पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस घटना के बाद से मदरसा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में था। समय-समय पर इसकी गतिविधियों की समीक्षा की जा रही थी। अधिकारियों के अनुसार मदरसे के संचालन, पंजीकरण और अन्य दस्तावेजों की भी जांच की गई थी। अब अल्पसंख्यक विभाग की कार्रवाई के बाद एक बार फिर यह मदरसा चर्चा में है। प्रशासन का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पहले से निगरानी में था परिसर, चल रहा था विवाद

करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार यह मामला पहले से ही विवादों में रहा है और कई स्तर पर इसकी गतिविधियों को लेकर शिकायतें दर्ज थीं। प्रशासन और पुलिस की लगातार निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर विधिक जांच की जाएगी।

नियमों के उल्लंघन, पंजीकरण और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर जिम्मेदारों पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# खोड़ा में कब लौटेगी सामान्य जिंदगी

## सूर्या हत्याकांड के 10 दिन बाद भी छावनी बना इलाका

### बाजारों और जनजीवन पर पड़ा बड़ा असर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा कॉलोनी पिछले दस दिनों से प्रदेश और देश की राजनीति, पुलिस-प्रशासन के साथ ही मीडिया के केंद्र में बनी हुई है। मुख्य आरोपी असद के एनकाउंटर और इस मामले से जुड़े सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी खोड़ा की गलियों और मोहल्लों में सामान्य माहौल लौटता नजर नहीं आ रहा है। हालात ऐसे हैं कि सुबह से देर रात तक सायरन बजाती पुलिस गाड़ियां, सुरक्षा बलों की आवाजाही और मीडिया कैमरों की मौजूदगी इलाके को लगातार सुर्खियों में बनाए हुए है।

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में खोड़ा क्षेत्र में एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात हैं। इसके अलावा 20 से अधिक पुलिस वाहन लगातार गश्त और निगरानी में लगे हुए हैं।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार मौजूदगी के चलते इलाके में सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है।

### बाजारों पर पड़ा असर, कारोबारियों की बढ़ी चिंता



करंट क्राइम : खोड़ा कॉलोनी के कई प्रमुख बाजार पिछले दस दिनों से प्रभावित हैं। कई दुकानों का संचालन सामान्य नहीं हो पा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही कम हुई है, जबकि बाजारों के बाहर पुलिस बल और मीडिया की भीड़ बनी रहती है। इससे स्थानीय कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और आम लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है।

### असद के मकान पर प्रशासन की नजर

करंट क्राइम : सूर्या हत्याकांड के बाद असद और उसके परिवार से जुड़े मकान पर भी प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। संबंधित संपत्ति पर पहले ही नोटिस चस्पा किया जा चुका है। सूत्रों का कहना है कि प्रशासन कानूनी प्रक्रिया और उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुरूप आगे की कार्रवाई पर विचार कर रहा है। आने वाले दिनों में सीलिंग अथवा अन्य प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा।

### अभी और बढ़ सकता है इंतजार

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों की मानें तो आगामी लगभग 10 दिनों तक खोड़ा में इसी प्रकार का कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त जारी रह सकता है। पुलिस-प्रशासन किसी भी तरह की अफवाह, तनाव या कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं है। उधर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों की प्रतिक्रियाओं तथा सोशल मीडिया पर जारी बहसों के बीच फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि आरोपियों की गिरफ्तारी और एनकाउंटर के बाद भी खोड़ा में पहले जैसा सामान्य माहौल आखिर कब लौटेगा। प्रशासन सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि स्थानीय लोग जल्द से जल्द सामान्य जीवन की वापसी का इंतजार कर रहे

07 June -26 page 4 06-06-26 10:31 PM Page 1



## संपादकीय

### ट्रंप टैरिफ का एक साल पूरा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से संबद्ध एक प्रकाशन के लेख में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने तर्क दिया है कि अर्थशास्त्रियों को व्यापार नीति के एक साधन के रूप में टैरिफ के प्रति तिरस्कार की भावना पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। अमेरिका का अपने अधिकांश बड़े व्यापारिक साझेदारों के साथ अनवरत व्यापार घाटा दूर करने के लिए राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ का व्यापक उपयोग किए जाने के संदर्भ में यह बात कही गई है।

ग्रीर का कहना है कि अमेरिका अपने यहां उत्पादक निवेश को प्रोत्साहित करने, घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन बढ़ाने और अमेरिकी निर्यात के लिए बाजार खोलने खातिर शुल्क और पारस्परिक व्यापार समझौतों का उपयोग कर रहा है, और राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार नीति ह्यसंतुलन, पारस्परिकता, निष्पक्षता और लचीलेपन पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रणाली की नींव रखने के लिए साहसिक कदम उठा रही है।

हालांकि, दुनिया भर में बहुत कम लोग ट्रंप के मंत्रिमंडल के एक सदस्य द्वारा राष्ट्रपति के कार्यों और इरादों के इस आकलन को सीधे तौर पर स्वीकार करेंगे। फिर भी, यह जानना जरूरी है कि ये टैरिफ वास्तविक दुनिया में कैसे काम कर रहे हैं, क्योंकि ये अमेरिका में एक साल से घोषित नीतियों का हिस्सा हैं, भले ही अदालतों द्वारा इन्हें अलग-अलग कुछ हद तक प्रतिबंधित, परिवर्तित और सीमित किया गया हो।

अमेरिकी वस्तुओं के लिए बाजार खोलने के विषय पर ग्रीर का तर्क सबसे मजबूत है। यह निश्चित रूप से सच है कि कई देशों ने अमेरिका के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ने के बजाय बातचीत का रास्ता चुना है, और अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनाए रखने के लिए कुछ हद तक शुल्क स्वीकार किए हैं, साथ ही अमेरिका निर्मित वस्तुओं पर अपने प्रतिबंध भी हटाए हैं। हालांकि इनमें से कई समझौते, उच्चतम स्तर पर स्वीकृति मिलने के बावजूद, वास्तव में लागू करने में जटिल रहे हैं, इसलिए अभी तक इनका अमेरिकी निर्यात पर कोई बड़ा प्रभाव दिखना मुश्किल है। इसके अलावा एक उदाहरण के तौर पर, भले ही अमेरिकी कार कंपनियों को अब तकनीकी रूप से जापानी कार बाजार में बिना किसी प्रतिबंध के पहुंच प्राप्त हो, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उस देश के निवासी छोटी, किफायती कारों के प्रति अपनी पसंद को छोड़कर अमेरिकी वाहन उद्योग द्वारा उत्पादित भारी ईंधन खपत करने वाली कार खरीदेंगे। इसलिए घरेलू उत्पादन में वृद्धि की धारणा को खारिज किया जाना चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि 2025 की शुरूआत से अमेरिकी औद्योगिक उत्पादन में हर महीने केवल 0.13 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 2010 के दशक के दौरान इसकी वृद्धि दर के लगभग बराबर है। इस बीच, अमेरिकी नागरिक शुल्क के कारण उन पर थोपी गई बढ़ी हुई लागत का खमियाजा भुगत रहे हैं। महामारी के दौरान आपूर्ति में कमी और मांग में वृद्धि के कारण देश में मुद्रास्फीति की दर में भारी उछाल आई थी।

# ईरान संकट और कमजोर मानसून: भारत पर महंगाई आधारित मंदी का खतरा मंडराया



**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक तनाव और ईरान संकट से तेल आपूर्ति में संभावित बाधा भारत के लिए महंगाई आधारित मंदी का जोखिम बढ़ा सकती है। नुवामा नामक वित्तीय सेवा फर्म ने अपनी सकल घरेलू उत्पाद विश्लेषण रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यह तब हुआ है जब देश की अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2026 को उम्मीद से बेहतर वृद्धि के साथ समाप्त किया।

वित्तीय सेवा फर्म ने आगाह किया कि वित्त वर्ष 2027 अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मार्च तिमाही में स्वस्थ आर्थिक गतिविधि के बावजूद यह आशंका जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से इनपुट लागत ऊंची रह सकती है। इससे परिवारों की वास्तविक आय पर भी असर पड़ेगा। अर्थव्यवस्था पहले से ही मुद्रास्फीति के दौर में है। एक लंबा आपूर्ति झटका, खासकर कमजोर मानसून के साथ, मुद्रास्फीतिजनित मंदी का जोखिम बढ़ाता है। महंगाई आधारित मंदी वह स्थिति है जब आर्थिक वृद्धि धीमी होती है और महंगाई ऊंची बनी रहती है। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 7.8 फीसदी रही थी। पूरे वित्त वर्ष की वृद्धि वित्त वर्ष 2025 के 7.1 फीसदी से बढ़कर 7.7 फीसदी हो गई थी।

**वृद्धि अनुमान में कटौती :** नुवामा ने वित्त वर्ष 2027 के लिए अपने वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान को घटाकर 6-6.5 फीसदी कर दिया है। हालांकि, नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद 11-12 फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद है। यह संशोधन ईरान संकट से जुड़ी ऊंची तेल कीमतों के प्रभाव के कारण हुआ है। ऊंची इनपुट लागत से परिवारों और कारोबारों पर दबाव पड़ सकता है।

**घरेलू कारक दे सकते हैं सहारा :** रिपोर्ट में कुछ घरेलू कारकों का भी उल्लेख किया गया है जो नकारात्मक जोखिमों को सीमित कर सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक का कुशल तरलता प्रबंधन इसमें सहायक होगा। रुपये का अपेक्षाकृत कम मूल्यांकन और स्वस्थ ऋण वृद्धि भी गिरावट को कम करने में मदद कर सकती है। वित्त वर्ष 2026 में निवेश में तेजी आई थी, जो मार्च तिमाही में 10.8 फीसदी तक पहुंच गया।

## उपभोक्ताओं को राहत: सरकार ने खाद्य तेलों के लिए मानक पैकेजिंग आकार किए अनिवार्य

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामले विभाग ने खाद्य तेलों के लिए मानक पैकेजिंग आकार निर्धारित किए हैं। यह कदम उपभोक्ताओं को विभिन्न ब्रांडों की कीमतों की तुलना करने में मदद करेगा। इससे वे सोच-समझकर खरीदारी के निर्णय ले पाएंगे। विभाग ने लीगल मेट्रोलॉजी ढांचे के तहत यह प्रावधान किया है।



विभाग ने खाद्य तेलों और वसा की शुद्ध मात्रा के लिए प्रक्रिया में संशोधन किया है। मानक पैक आकार निर्धारित करने के लिए भी बदलाव किए गए हैं। निमार्ताओं, पैकर्स और आयातकों को तीन महीने का संक्रमण काल मिलेगा। उन्हें इस अवधि में नए नियमों का पालन करना होगा। यह निर्णय प्रमुख खाद्य तेल उद्योग संघों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। ये संघ देश के लगभग 90 फीसदी खाद्य तेल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बाजार में पारदर्शिता लाना है। पहले गैर-मानक पैकों के कारण उपभोक्ताओं को भ्रम होता था। अब वे आसानी से उत्पादों की तुलना कर पाएंगे।

**नए मानक और नियम :** संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया में नौ मानक पैक आकार निर्धारित किए गए हैं। इनमें 200 मिलीलीटर/ग्राम, 500 मिलीलीटर/ग्राम, 1 लीटर/किलोग्राम, 2 लीटर/किलोग्राम, 3 लीटर/किलोग्राम, 4 लीटर/किलोग्राम, 5 लीटर/किलोग्राम, 15 लीटर/किलोग्राम और 20 लीटर/किलोग्राम शामिल हैं। ये आकार प्रमुख खाद्य तेलों जैसे पाम, सोयाबीन, सूरजमुखी, सरसों, मूंगफली, तिल, राइस ब्रान, बिनौला और मक्के के तेल पर लागू होंगे। मिश्रित खाद्य तेलों पर भी ये नियम प्रभावी होंगे। यदि मात्रा आयतन में दर्शाई जाती है, तो समतुल्य वजन भी बताना होगा। यह लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के अनुसार होगा।

**घरेलू और आयातित तेलों पर प्रभाव :** ये प्रावधान घरेलू स्तर पर निर्मित और आयातित दोनों तरह के खाद्य तेलों पर लागू होंगे। 200 मिलीलीटर या 200 ग्राम से कम के पैकेज को इस मानक पैक आकार की आवश्यकता से छूट दी गई है। छोटे खाद्य तेलों को भी इस नियम से बाहर रखा गया है। यह किफायती छोटे पैक की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। विभाग ने कहा कि जो कारोबार समय सीमा से पहले मानक पैक आकार अपनाना चाहते हैं, वे तुरंत ऐसा कर सकते हैं।

**उद्योग की प्रतिक्रिया और बाजार पर असर :** भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम खुदरा अलमारियों पर संरचनात्मक स्थिरता बहाल करेगा। इससे सभी को समान अवसर मिलेंगे। देसाई ने बताया कि गैर-मानकीकरण से उद्योग को स्वतंत्रता मिली थी।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच 7.7% की दर के साथ मजबूत रही भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7.7 प्रतिशत की मजबूत विकास दर हासिल की है। हालांकि, जनवरी-मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत की शानदार ग्रोथ के बावजूद, अर्थशास्त्रियों ने आगाह किया है कि पश्चिम एशिया संघर्ष, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक अनिश्चितता के कारण चालू वित्त वर्ष (एफवाई2026-27) में विकास की यह रफ्तार धीमी पड़ सकती है।




**अनुमान से बेहतर रहे आंकड़े और वृद्धि के मुख्य कारण :** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, एफवाई26 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जो पिछली तिमाही के 8 प्रतिशत के बाद एक मजबूत आंकड़ा है। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी के मुताबिक, यह वृद्धि पश्चिम एशिया संकट जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हासिल की गई है और पिछले 10 तिमाहियों के औसत से काफी ऊपर है। डेलॉइट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने बताया कि 7.9 प्रतिशत की सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर यह दर्शाती है कि अर्थव्यवस्था का विस्तार केवल मांग पर आधारित नहीं है, बल्कि विनिर्माण, निर्माण और सेवा क्षेत्र के मजबूत उत्पादन से भी समर्थित है।

**संकट के बीच कैसे सुरक्षित रहा बाजार? :** मार्च में जब मध्य पूर्व का संकट गहराया, तब भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर रखकर इसके बड़े असर को सफलतापूर्वक अवशोषित कर लिया। एचडीएफसी बैंक के विश्लेषण के अनुसार, इस शानदार वृद्धि के पीछे निजी उपभोक्ता खर्च और निवेश में हुई भारी बढ़ोतरी मुख्य चालक रही है। विदेशी निवेश प्रवाह को बेहतर बनाने और कर संबंधी चिंताओं को दूर करने के सरकारी उपायों ने भी अर्थव्यवस्था को बाहरी झटकों से बचाने में एक ढाल का काम किया है।

**वित्त वर्ष 2027 के लिए नए जोखिम और विकास का आउटलुक :** आने वाले समय को लेकर बाजार में सतर्कता है। क्रिसिल और एचडीएफसी बैंक ने एफवाई27 के लिए क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह अनुमान इस धारणा पर आधारित है कि कच्चे तेल की औसत कीमत 95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहेगी।

अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट मानना है कि कमजोर वैश्विक विकास, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, बढ़ती लागत और सामान्य से कम मानसून का अनुमान आर्थिक गतिविधियों पर दबाव डाल सकता है। डीबीएस बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव के अनुसार, बाजार अब भविष्य के जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करेगा; यदि महंगाई अनुमानों के अनुरूप बढ़ती है, तो नीति निमार्ताओं को ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

एचडीएफसी बैंक ने स्पष्ट किया है कि केवल हालिया रुझानों को देखकर भविष्य का सटीक आकलन करना जल्दबाजी होगी, क्योंकि वैश्विक संघर्ष और आपूर्ति व्यवधान का असली असर आने वाले महीनों के डेटा में नजर आ सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया भर में मौत का मुख्य कारण दिल की बीमारी है।
- स्वीडन के राजा गुस्ताव III ने यह साबित करने के लिए एक प्रयोग शुरू किया कि कॉफी जहरीली होती है। दो डॉक्टरों द्वारा देखरेख में, एक कैदी को उसकी मृत्यु होने तक एक दिन में तीन कप कॉफी पीने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन कैदी से पहले दोनों डॉक्टर और राजा की मृत्यु हो गई थी।
- आपके शरीर में लगभग 50 अरब कोशिकाएं प्रतिदिन मरती हैं।
- कहा जाता है कि यूनानी दार्शनिक क्रिससिपस ने अपने गधे को नशे में डालने के बाद उसे अंजीर खाने की कोशिश करते देख कर हंसते हंसते उनकी मृत्यु हो गई थी।
- हम 270 हड्डियों के साथ पैदा होते हैं, 206 के साथ मर जाते हैं।
- साल 1871 में एक जहाज के डूबने से बचने वाला एक आदमी अंतत: अपने डर को दूर करने में सक्षम था और साल 1911 में फिर से समुद्री यात्रा पर जाने का फैसला किया और टाइटैनिक के डूबने में उसकी मृत्यु हो गई।
- मस्तिष्क कोशिकाएं दिल की धड़कन रुकने के कुछ ही मिनटों में मर जाती हैं। त्वचा कोशिकाएं 24 घंटों तक जीवित रह सकती हैं।

## राशिफल

**मेष:** विवाह का योग बन रहा है। लव पार्टनर आपके आकर्षण से अछूता नहीं रह पाएगा। आप अपने प्यार भरे शब्दों से उनका दिल जीत लेंगे।

**वृष:** अपनों से धोखा मिल सकता है। प्रेम जीवन में भी काफी तनाव उत्पन्न होने की संभावना है। भगवान शिव की पूजा करना आपके लिए बेहतर साबित होगा।

**मिथुन:** रोमांटिक मूड में हैं। प्रेमी पर प्रेम बरसाना चाहते हैं। फूल आदि से मनाने की कोशिश करेंगे। प्रेमी को आपका व्यवहार और तौर-तरीका पसंद नहीं आएगा।

**कर्क:** विवाह प्रस्ताव आएंगे। लेकिन मनचाहा पार्टनर मिलने में कुछ समय लग सकता है। लेकिन जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें।

**सिंह:** लव लाइफ रोमांटिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको अपने दिल का दोस्त मिल सकता है। अपने प्यार भरे शब्दों से प्रेमी को खुश करेंगे।

**कन्या:** आज प्यार का इजहार किया जा सकता है। विदेश में बैठे प्रेमी से मुलाकात होने के योग हैं। शादी के बंधन में बंधने का फैसला आज लिया जा सकता है।

**तुला:** अगर किसी वजह से प्रेमी से ब्रेकअप हो गया है या पति-पत्नी के बीच तलाक की बात चल रही है तो आज सॉरी बोल दें। सारे गिले-शिकवे दूर हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** प्यार में धोखा मिल सकता है। नए प्रेम संबंध बनाते समय सावधान रहें। किसी पुराने प्रेमी से भेंट हो सकती है।

**धनु:** वैचारिक मतभेद शादीशुदा जोड़े के रिश्ते की नींव हिला सकते हैं। तलाक पर विचार कर सकते हैं। संतान का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**मकर:** आज आप अपने घर वालों से अपनी शादी की बात कर पाएंगे और सभी का सहयोग भी आपको देखने को मिल सकता है।

**कुंभ:** आत्मविश्वास से भरपूर है। जीवन में शांति रहेगी। प्रेमी के साथ प्रेम और आनंद के पल बिताएंगे। वैवाहिक जीवन में रोमांस बरकरार रहेगा।

**मीन:** इस राशि के जातक अपने प्रेमी को खुश करने के लिए कुछ खास कर सकते हैं। लेकिन आज किसी न किसी बात पर लड़ाई जरूर हो सकती है।

## चुटकुले

लड़की अपनी स्कूटी मैकेनिक के पास लेकर गई।
लड़की- मुझे स्कूटी की सर्विस करानी है।
मैकेनिक- मैडम इंजन में दिक्कत है। और ब्रेक भी सही से काम नहीं कर रहे।
लड़की- अरे वो छोटी मोटी बातें होती रहती हैं। पहले इसका शीशा ठीक करो प्लीज...

---

रात के 10 बजे मीना देहाती डॉक्टर को फोनकर बोली...
मीना- मैं बहुत खूबसूरत हूं, गोरी हूं, देखने में बिल्कुल प्रियंका जैसी हूं।
हालांकि, रात में सांवली दिखती हूं। इसके लिए चेहरे पर क्या लगाकर सोना है।
देहाती डॉक्टर- सन ग्लासेस उतारकर सोया करो

---

महिला-सुबह से चक्कर से आ रहे हैं...
डॉक्टर-तुम्हारी नब्ज तो ठीक चल रही है, एकदम घड़ी की तरह है।
लड़की-अरे नहीं, आपने गलती से नब्ज की जगह मेरी घड़ी पर हाथ रखा हुआ

## 07 06 2026 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं




सेलेब्रिटी जन्मदिन: अमृता राव, अभिनेत्री

स्नेहा सिंह, निहारिका, श्वेता वशिष्ठ, सारिका ठाकुर, वीर सिंह चौधरी, अमरीश त्यागी, अरूण कसाना, शरद कसाना, योगेश शर्मा, देवेश त्यागी, उस्मान चौधरी, ध्रुव कुमार, राजेश गर्ग, निरंजन ओझा, साकेश शर्मा, दीपक गेरा, पंकज शर्मा, अतुल सिंह चौहान, सुमित त्यागी, गुरचरण सिंह, ललित पांड़े, नवीन, श्याम बिहारी श्यामलाल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# इंग्लैंड-आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम घोषित, श्रेयस कप्तान, तिलक होंगे उपकप्तान



**मुंबई।** भारतीय टी20 टीम में नए दौर की शुरूआत हो गई है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और टी20 टीम से छुट्टी हो गई है, जबकि श्रेयस अय्यर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत के नए कप्तान बने हैं। वहीं, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी सीनियर टीम में पहली बार मौका दिया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए शनिवार को भारतीय टीम का एलान कर दिया है। मुंबई में अजीत अगरकर की अगुआई में सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक हुई जिसमें दोनों सीरीज के लिए टीम का एलान किया गया। दिलचस्प बात यह है कि श्रेयस अय्यर टी20 टीम के नए कप्तान बने हैं, जबकि तिलक वर्मा को उपकप्तानी का जिम्मा मिला है।

**सूर्यकुमार की टीम से छुट्टी**

भारत को अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव की टीम से छुट्टी हो गई है।

सूर्यकुमार से ना सिर्फ कप्तानी छिनी बल्कि वह टीम में भी अपनी जगह बरकरार नहीं रख सके।

टी20 विश्व कप 2026 में सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ नाबाद 84 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन यही उनका टूनार्मेंट का एकमात्र अर्धशतक रहा।

उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में 9 मैचों में 242 रन बनाए और उनका औसत 30.25 रहा।

## सीनियर टीम में वैभव की एंट्री

सबसे दिलचस्प बात यह है कि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में मौका दिया गया है। वैभव ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था और वह टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। वैभव ने इसके साथ ही इतिहास रच दिया है। वह सीनियर पुरुष टीम में शामिल होने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। बीसीसीआई और चयन समिति को वैभव से काफी उम्मीदें हैं। खुद मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इस युवा बल्लेबाज की प्रशंसा की और कहा कि वैभव टीम के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं।

## बुमराह को आराम, बिश्नोई को जगह

आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है, जबकि स्पिनर रवि बिश्नोई की टी20 टीम में वापसी हुई है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के रूप में तीन विशेषज्ञ स्पिनर शामिल हैं। वहीं, तेज गेंदबाजी आक्रामण का जिम्मा मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव संभालेंगे।

## ईशान-सैमसन को भी मौका

श्रेयस अय्यर को जहां टीम की कमान सौंपी गई है वहीं, तिलक वर्मा टीम के नए उपकप्तान बने हैं। तिलक पिछले कुछ समय से टी20 टीम का नियमित रूप से हिस्सा रहे हैं और अब वह श्रेयस के साथ लीडरशीप भूमिका में भी नजर आएंगे। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर ईशान किशन और संजू सैमसन दोनों को टीम में चुना गया है। अक्षर पटेल टीम में जगह बरकरार रखने में सफल रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा पर रहेगा।

# प्रज्ञानंद को लेकर किस तरह सच हुई मां की भविष्यवाणी



**ओस्लो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। प्रज्ञानंद के लिए यह खिताब जीतना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने बताया कि किस तरह उनकी मां की बातों ने उन्हें प्रेरित किया और वह वापसी करने में सफल रहे।

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद इतिहास रचते हुए अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराकर प्रतिष्ठित नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। चेन्नई के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने वह उपलब्धि हासिल की जो 2013 में टूनार्मेंट की शुरूआत के बाद से भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश जैसे खिलाड़ी भी हासिल नहीं कर पाए थे। अब इस भारतीय ग्रैंडमास्टर ने बताया कि किस तरह टूनार्मेंट के दूसरे चरण से पहले उनकी मां द्वारा की गई भविष्यवाणी सच साबित हुई।

**किस तरह खिताब जीतने में सफल रहे प्रज्ञानंद**

प्रज्ञानंद ने आखिरी दिन की शुरूआत 15 अंक के साथ तीसरे स्थान से की।

उन्होंने सबसे अहम मौके पर बेहतरीन खेल दिखाया और क्लासिकल बाजी में जीत हासिल करके पूरे तीन अंक बटोरे।

इस तरह वे 18 अंक पर पहुंचे और एलीट शतरंज की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफियों में से एक अपने नाम की।


प्रज्ञानंद के अभियान की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने नार्वे शतरंज के सात बार के चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल बाजी में दो बार हराया।

खिताब जीतने के बाद प्रज्ञानंद ने कहा, मां ने मुझसे कहा था कि यह नया महीना है, तुम अच्छा खेलोगे। मैंने जवाब दिया, ठीक है, यह उन बातों में से एक है जो मां अक्सर कहती हैं। इसके बाद मैंने लगातार चार गेम जीत लिए। मुझे लगता है कि मां को कुछ पता था।

**प्रज्ञानंद ने की शानदार वापसी**

कुछ दिन पहले तक यह कल्पना करना भी मुश्किल था कि प्रज्ञानंद इस टूनार्मेंट के विजेता बनेंगे। छह खिलाड़ियों के इस टूनार्मेंट के पहले चरण में उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखाई दी थी। हालांकि उन्होंने तीसरे राउंड में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था, लेकिन छह राउंड के बाद उनके केवल छह अंक थे और वे अंक तालिका में सबसे नीचे थे। हालांकि, सातवें राउंड में अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ मुकाबले से पहले उनकी मां नागलक्ष्मी के एक फोन कॉल ने मानो सब कुछ बदल दिया। इसके बाद प्रज्ञानंद ने लगातार चार क्लासिकल मुकाबले जीते, जिनमें कार्लसन पर दूसरी जीत भी शामिल रही।

# इस बल्लेबाज को मिला अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में मौका, चोटिल विराट कोहली की लेंगे जगह



**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि विराट कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। कोहली को आईपीएल फाइनल के दौरान चोट लगी थी। अब उनके रिप्लेसमेंट का भी एलान कर दिया गया है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सीरीज के लिए टीम का एलान कर दिया था, लेकिन भारत को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चोट के कारण इस सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। बीसीसीआई ने उनकी जगह यशस्वी जायसवाल को शामिल करने का फैसला किया है।

सीरीज का कार्यक्रम

भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज 13 जून से धर्मशाला में होने वाले पहले मैच से शुरू होगी। इसके बाद अगले दो मैच लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को खेले जाएंगे। वनडे सीरीज से पहले छह जून से मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट मैच भी खेला जा रहा है।

**आईपीएल फाइनल के दौरान कोहली को लगी थी चोट**

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच 13 जून को धर्मशाला में खेला जाएगा। कोहली को 31 मई को अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल फाइनल के दौरान चोट लगी थी। स्कैन से पता चला है कि उनकी डिस्टल सेमीमेम्ब्रेनस टेंडन (घुटने के पीछे की मांसपेशियां) फट गई है। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यह मैच जीत कर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीता था। ये पहले से ही तय माना जा रहा था कि कोहली इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे और शनिवार को बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि कर दी है। हाल ही में टीम के सहायक कोच रेयान टेन डस्काटे ने कोहली की उपलब्धता को लेकर कहा था कि सीरीज से पहले उनका फिटनेस टेस्ट किया जाएगा, लेकिन आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम का एलान करते वक्त सैकिया ने इसकी पुष्टि कर दी कि कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। सैकिया ने बताया कि कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल टीम में शामिल होंगे।

## भारतीय टी-20 टीम को मिला नया कप्तान

# दो विश्वकप में ठुकराए जाने से कप्तानी तक का सफर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को श्रेयस अय्यर को भारतीय टी20 टीम का नया कप्तान नियुक्त कर दिया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बैठक के बाद इसकी घोषणा की। करीब ढाई साल तक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर रहने वाले अय्यर ने आईपीएल में लगातार शानदार प्रदर्शन और सफल नेतृत्व के दम पर यह मुकाम हासिल किया। दो टी20 विश्व कप और एक एशिया कप से बाहर किए जाने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अब भारतीय टी20 टीम की कमान संभालने जा रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट में एक नए दौर की शुरूआत हो गई है। बीसीसीआई ने शनिवार को श्रेयस अय्यर को भारतीय टी20 टीम का नया कप्तान नियुक्त करने का एलान किया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने ने बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी। पिछले कुछ वर्षों में श्रेयस ने घरेलू क्रिकेट, आईपीएल और सीमित मौकों पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जिस तरह का प्रदर्शन किया, उसने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। बल्लेबाजी के साथ-साथ उनकी नेतृत्व क्षमता भी इस फैसले की बड़ी वजह बनी।



## पंजाब किंग्स में नई शुरूआत

आईपीएल 2025 की नीलामी में पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर पर 26.75 करोड़ रुपये की बड़ी बोली लगाई। यह रकम बताती थी कि फ्रेंचाइजी उनकी क्षमता और नेतृत्व पर कितना भरोसा करती है। अय्यर ने भी इस भरोसे को सही साबित किया। उन्होंने पूरे सीजन में 604 रन बनाए और टीम को फाइनल तक पहुंचाया। हालांकि पंजाब किंग्स खिताब जीतने से चूक गई, लेकिन कप्तान के रूप में अय्यर की छवि और मजबूत हो गई इसके बावजूद जब एशिया कप 2025 और टी20 विश्व कप 2026 के लिए टीम चुनी गई, तो एक बार फिर उनका नाम बाहर रह गया। उस समय मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने संकेत दिया था कि चयन का फैसला टीम संयोजन और विशेषज्ञ खिलाड़ियों की जरूरत को ध्यान में रखकर लिया गया है। अगरकर ने उस समय कहा था, 'यह श्रेयस की गलती नहीं है, लेकिन टीम संयोजन को देखते हुए हमें कुछ कठिन फैसले लेने पड़े।'

## रिजेक्शन के दौर से गुजरे अय्यर ...

श्रेयस अय्यर के लिए यह सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा। दिसंबर 2023 में भारत के लिए आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद वह लंबे समय तक इस प्रारूप की राष्ट्रीय टीम से बाहर रहे। इस दौरान उन्हें लगातार दो टी20 विश्व कप और एशिया कप की टीम में जगह नहीं मिली। आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने के बावजूद चयनकताओं ने उन्हें टी20 विश्व कप 2024 टीम में शामिल नहीं किया। उस सीजन में उन्होंने 15 मैचों में 351 रन बनाए थे। टीम को चैंपियन बनाने के बावजूद चयनकर्ता उनके टी20 खेल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं दिखे। हालांकि, अय्यर ने हार नहीं मानी और अपने खेल को लगातार बेहतर बनाने पर ध्यान दिया।

## आशीष की हैट्रिक से भारत बना विजेता

# एशिया कप में टीम की स्वर्णिम जीत को पीएम मोदी ने सराहा



**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-18 हॉकी पुरुष टीम ने शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान को हराकर 'अंडर-18 एशिया कप 2026' का खिताब जीता। भारतीय टीम ने जापान को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। पीएम मोदी ने भी इस जीत को सराहा।

भारतीय अंडर-18 हॉकी पुरुष टीम ने शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान को हराकर 'अंडर-18 एशिया कप 2026' का खिताब जीता। भारतीय टीम ने जापान को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। पीएम मोदी ने भी इस जीत को सराहा।

# कौन बनेगा विश्वकप का सुपरस्टार: इंग्लैंड में महासंग्राम

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की मेजबानी में 12 जून से शुरू होने जा रहे महिला टी20 विश्वकप 2026 में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी। टी20 क्रिकेट का यह महाकुंभ सिर्फ टीमों के बीच मुकाबला नहीं होगा, बल्कि दुनिया की कुछ सबसे प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटरों के लिए भी अपनी छाप छोड़ने का बड़ा मंच होगा। हर टीम के पास एक ऐसा खिलाड़ी है, जिसके प्रदर्शन पर उसकी सफलता काफी हद तक निर्भर करती है। कोई विस्फोटक बल्लेबाज है, कोई भरोसेमंद कप्तान, तो कोई ऐसा ऑलराउंडर जो अकेले दम पर मैच का रुख बदल सकता है।


शेफाली वर्मा (भारत): भारतीय उम्मीदों की सबसे बड़ी धुरी

भारतीय महिला क्रिकेट की युवा सनसनी शैफाली वर्मा इस समय टीम इंडिया की सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों में शामिल हैं। महज 15 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली शेफाली ने अपने आक्रामक खेल से दुनिया भर में पहचान बनाई। हाल ही में भारत को वनडे विश्वकप का खिताब दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही थी। फाइनल में 87 रन की शानदार पारी खेलकर उन्होंने ह्यप्लेयर ऑफ द फाइनलह्न का पुरस्कार भी जीता। 22 वर्षीय शैफाली की विस्फोटक बल्लेबाजी इंग्लैंड की परिस्थितियों में भारत के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।

शोभना मोस्त्री (बांग्लादेश): बांग्लादेश की रन मशीन

बांग्लादेश की बल्लेबाजी का सबसे भरोसेमंद नाम शोभना मोस्त्री हैं। पिछले विश्वकप के बाद उन्होंने 15 पारियों में 413 रन बनाए हैं और 15 छक्के भी जड़े हैं। हाल के वर्षों में वे बांग्लादेश की सबसे सफल टी-20 बल्लेबाज रही हैं। उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे बड़े मंच पर टीम को मजबूत शुरूआत दें और बड़े स्कोर तक पहुंचाएं।

# मंगोलिया में भारतीय पहलवानों का दमदार प्रदर्शन, मनीषा और नेहा ने जीते गोल्ड



**नई दिल्ली।** मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित उलानबटार ओपन रैंकिंग सीरीज में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक चार स्वर्ण और दो कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। महिला वर्ग में मनीषा और नेहा ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया, जबकि ग्रीको-रोमन शैली में भी भारतीय पहलवानों ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया।

**महिला वर्ग में मनीषा और नेहा का स्वर्णिम प्रदर्शन**

57 किलोग्राम भार वर्ग में मनीषा ने डीपीआर कोरिया (उत्तर कोरिया) की सिम सोन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, 59 किलोग्राम वर्ग में नेहा ने डीपीआर कोरिया की प्योल होंग को 5-3 से मात देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके अलावा, 50 किलोग्राम वर्ग में नीलम ने कजाखस्तान की माराल तंगिरबेगेनोवा को 10-0 के तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर कांस्य पदक जीता।

**ग्रीको-रोमन में भी भारत का जलवा**

ग्रीको-रोमन स्पर्धा में भारत ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।

सुनील ने 87 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में अजाद सालिदीनोव को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

नितेश ने 97 किलोग्राम वर्ग में नुरासिल अमानाली को 13-9 से शिकस्त देकर गोल्ड अपने नाम किया।

सुमित ने 60 किलोग्राम वर्ग में अपने ही साथी पहलवान साहिल को 5-0 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

**पदक तालिका में भारत की मजबूत स्थिति**


भारतीय दल अब तक कुल छह पदक (चार स्वर्ण और दो कांस्य) जीत चुका है और पदक तालिका में मजबूत स्थिति में बना हुआ है। ग्रीको-रोमन टीम ने अपना अभियान समाप्त कर लिया है, जबकि महिला वर्ग के शेष मुकाबले और पुरुष फ्रीस्टाइल स्पधाएं शनिवार से शुरू होंगी।

**डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने जताई खुशी**

भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'मनीषा और नेहा का प्रदर्शन तथा ग्रीको-रोमन पहलवानों द्वारा जीते गए तीन पदक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धी ताकत को दशार्ते हैं। डीपीआर कोरिया और कजाखस्तान जैसे मजबूत देशों के खिलाफ स्वर्ण पदक जीतना हमारी तैयारियों की गुणवत्ता को साबित करता है। यह सफलता टूनार्मेंट के बाकी मुकाबलों के लिए टीम का मनोबल बढ़ाएगी।'

# सूर्यकुमार यादव ही नहीं, इन खिलाड़ियों का भी टी20 टीम से कटा पत्ता





**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। श्रेयस अय्यर की अगुआई में भारत टी20 के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। जहां वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ी को मौका दिया गया है तो वहीं कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं जो टी20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम में जगह बरकरार नहीं रख सके हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। भारत को आयरलैंड के दो और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। शनिवार को मुंबई में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की अगुआई में चयन समिति की बैठक हुई जिसमें टीम का चयन किया गया।

## सीरीज का कार्यक्रम

भारत को 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 खेलने हैं, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाने हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच एक जुलाई को चेस्टर ली में होगा। इसके बाद चार, सात, नौ और 11 जुलाई को शेष चार मैच खेले जाएंगे। इसके बाद बर्मिंघम में 14 जुलाई से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी जिसका आखिरी मैच 19 जुलाई को लंदन के लॉड्र्स मैदान पर खेला जाएगा।

## श्रेयस को मिली कमान

सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर भारतीय टी20 टीम के नए कप्तान बन गए हैं, जबकि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को सीनियर टीम में पहली बार जगह मिल गई है। श्रेयस अय्यर को जहां टीम की कमान सौंपी गई है वहीं, तिलक वर्मा टीम के नए उपकप्तान बने हैं। सूर्यकुमार यादव को ना सिर्फ टी20 के कप्तान पद से हटाया गया है, बल्कि उनकी टीम से भी छुट्टी हो गई है।

## रिंकू-कुलदीप को नहीं मिला मौका

टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारत की यह पहली सीरीज होगी। लेकिन टीम प्रबंधन ने भविष्य को देखते हुए टीम में कई बदलाव किए हैं। विश्व कप विजेता टीम के पांच खिलाड़ी ऐसे हैं जो इस सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। इन सभी के कारण अलग-अलग है, लेकिन टी20 विश्व कप के बाद की पहली ही सीरीज में इन खिलाड़ियों को मौका नहीं मिला है। सूर्यकुमार के अलावा रिंकू सिंह, कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या को मौका नहीं मिला है, जबकि जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। रिंकू का फॉर्म उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा था और टीम संयोजन को देखते हुए उनकी प्लेइंग-11 में जगह भी नहीं बन पा रही थी। वहीं, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी जगह बरकरार नहीं रख सके। इन दोनों सीरीज के लिए भारतीय टीम में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के रूप में तीन विशेषज्ञ स्पिनर शामिल हैं। ऐसे में कुलदीप की जगह भी टी20 में नहीं बन पाई।

## हार्दिक को क्यों नहीं मिली जगह?

सबसे चौंकाने वाला फैसला हार्दिक पांड्या का बाहर होना रहा। हार्दिक टी20 टीम के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ उनका शामिल नहीं होना बड़े संकेत दे रहा है। हार्दिक आईपीएल 2026 में चोट से भी परेशान रहा था, इसलिए यह देखना होगा कि उन्हें भविष्य की सीरीज के लिए चुना जाता है या नहीं। वहीं, ये जाहिर है कि वर्कलोड को देखते हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज के लिए आराम दिया गया है क्योंकि बुमराह एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं जो टी20 प्रारूप में ही खेला जाना है।

# मिरा एंड्रीवा ने जीता महिला एकल का खिताब, च्वालिंस्का को हराया





**नई दिल्ली।** रूस की मिरा एंड्रीवा ने फ्रेंच ओपन 2026 का खिताब जीत लिया। शनिवार को खेले गए महिला एकल के फाइनल मुकाबले में उन्होंने पोलैंड की माजा च्वालिंसका को 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

रूस की मिरा एंड्रीवा ने फ्रेंच ओपन 2026 का खिताब जीत लिया। शनिवार को खेले गए महिला एकल के फाइनल मुकाबले में उन्होंने पोलैंड की माजा च्वालिंसका को 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।




# राजनगर एक्सटेंशन एवं मालीवाड़ा व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन
## व्यापारियों ने संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में मुख्य कार्यालय, 50 राइटगंज घंटाघर, गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राजनगर एक्सटेंशन एवं मालीवाड़ा व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया और संगठन की मजबूती एवं व्यापारी हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। राजनगर एक्सटेंशन व्यापार मंडल में प्रवीण शर्मा को अध्यक्ष, अभिनव त्यागी को महामंत्री, अरुण कुमार अर्जुन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा वैभव त्यागी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं मालीवाड़ा व्यापार मंडल में राजीव कुमार सोनू को अध्यक्ष एवं विनीत शर्मा को महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप बंसल, दीपक गर्ग, प्रेम प्रकाश चीनी एवं नरेंद्र कुमार बिल्लू उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि व्यापारी समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और संगठित संगठन ही व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कराने में सक्षम होता है। उन्होंने नवमनोनीत पदाधिकारियों से व्यापारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# सीएम योगी के जन्मदिन पर रेडक्रॉस सोसायटी ने मनाया 'सेवा दिवस'




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी (गाजियाबाद इकाई) और इनर व्हील क्लब (गाजियाबाद ग्रेटर) द्वारा मधुबन बापूधाम क्षेत्र में 'सेवा दिवस' का आयोजन किया गया।

टीबी उन्मूलन अभियान के तहत 10 पात्र क्षय रोगियों को उच्च स्तरीय पोषण पोटली भेंट की गई। 'प्लास्टिक मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत 100 श्रमिकों को स्टील की बोतलें और कपड़े के थैले वितरित किए गए।

साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पीपल का वृक्षारोपण किया गया।

## 1000 पौधे रोपकर हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

**पिलखुवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर क्षेत्र में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नगर पालिका परिषद और भाजपा कार्यकताओं ने शैलेश फार्म, चंडी रोड पार्क सहित विभिन्न स्थानों और घर-घर पहुंचकर 1000 पौधे रोपे। सभासद एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अंशुल मित्तल ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और घटती हरियाली को देखते हुए बड़े स्तर पर पौधारोपण कराया गया है। पौधे लगाना ही नहीं, उनका संरक्षण करना भी उतना ही जरूरी है। आने वाले दिनों में भी पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। अभियान में ईओ इंद्रपाल सिंह, विश्व प्रकाश शर्मा और नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर 9 जून को गाजियाबाद में करेंगी जनसुनवाई

➪ **महिलाओं की शिकायतों का मौके पर होगा निस्तारण, विकास भवन में आयोजित होगा कार्यक्रम**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान और उनकी समस्याओं को सीधे सुनने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर 9 जून को गाजियाबाद पहुंचेंगी। उनके दौरे के दौरान महिलाओं से संबंधित शिकायतों और मामलों की जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार के पत्र संख्या के तहत अध्यक्ष विजया रहाटकर का गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 9 जून को दोपहर 12 बजे विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित विभिन्न शिकायतों, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद तथा अन्य समस्याओं पर सुनवाई की जाएगी। इच्छुक महिलाएं अपनी शिकायत या समस्या से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होकर सीधे राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष के समक्ष अपनी बात रख सकती हैं। प्रशासन के अनुसार, प्राप्त शिकायतों पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई एवं निस्तारण का प्रयास किया जाएगा, जिससे पीड़ित महिलाओं को त्वरित राहत मिल सके।

# ब्रजघाट गंगानगर में कहासुनी के बाद दो पक्ष भिड़े, खूब चले लाठी डंडे



**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट गंगानगर इलाके में शुक्रवार को आपसी कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए और लाठी-डंडों से खूब मारपीट की। तीन लोग घायल हुए, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

ब्रजघाट स्थित गंगानगरी क्षेत्र में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

मोहल्ला वासियों के अनुसार किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से लोग एकत्र हो गए और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। वायरल वीडियो में कई लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान मौके पर भगदड़ मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव का प्रयास किया।

मारपीट में घायल हुए तीन लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते विवाद को शांत नहीं कराया जाता तो मामला और गंभीर हो सकता था। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के आधार पर भी पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कक्षा नौ की छात्रा से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड स्थित एक गांव के बाहर चार जून की सुबह खेत में खींचकर छात्रा से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था।

एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री पड़ोस के गांव स्थित एक स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। बृहस्पतिवार की सुबह करीब नौ बजे उनकी पुत्री अपनी सहेली से मिलने पड़ोस के गांव के लिए जा रही थी। गांव के बाहर गांव निवासी जोगेंद्र ने अकेला पाकर उसे ईंख के खेत में खींच लिया। इसके बाद आरोपी ने जमकर अभद्रता करते हुए उनकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं आरोपी घटना के संबंध में किसी को बताने पर मारने की धमकी देकर मौके से बाइक लेकर भाग गया।

घर पहुंचकर उनकी पुत्री ने उन्हें आपबीती सुनाई। इसके बाद वह अपनी पुत्री को लेकर कोतवाली पहुंची और पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को आरोपी जोगेंद्र को गांव के बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर हुआ वृक्षारोपण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को स्थित स्कल्पचर पार्क शिल्प उद्यान, संजयनगर पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व मंडल अध्यक्ष राजनगर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओम दत्त कौशिक ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पीपल, बरगद, नीम, अमरूद, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की आवश्यकता है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से लोगों को प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने की प्रेरणा दी जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद एवं अध्यक्ष एवं जोनल चैयरमेन मनवीर नगर, पंडित उग्र नाथ वत्स, अधिवक्ता वी.के. शर्मा, तनुज खन्ना 'लकी', गोल्डी चौधरी, अरुण पांडे सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व महापौर तेलूराम कम्बोज के नाम पर होगी राजनगर की सड़क





**– महापौर सुनीता दयाल ने नगर आयुक्त को भेजा प्रस्ताव, सदन की मंजूरी के बाद होगा नामकरण**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के पूर्व महापौर, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय तेलूराम कम्बोज की स्मृति को स्थायी सम्मान देने की दिशा में नगर निगम ने महत्वपूर्ण पहल की है। महापौर सुनीता दयाल ने राजनगर सेक्टर-2 स्थित उनके आवास की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग का नाम स्वर्गीय तेलूराम कम्बोज के नाम पर रखने का प्रस्ताव नगर आयुक्त को भेजा है। महापौर कार्यालय से जारी पत्र संख्या 612/महापौर/2026-27, दिनांक 5 जून 2026 में नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रस्ताव को आगामी नगर निगम सदन की बैठक में स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाए। महापौर सुनीता दयाल ने अपने पत्र में कहा है कि स्वर्गीय तेलूराम कम्बोज शहर की राजनीति, पत्रकारिता और सामाजिक जीवन का एक सम्मानित चेहरा थे। उन्होंने अपने सरल, सादगीपूर्ण और जनसेवा के प्रति समर्पित जीवन से गाजियाबाद की जनता के बीच विशेष पहचान बनाई थी।

महापौर ने लिखा कि राजनगर सेक्टर-2 में उनके घर की ओर जाने वाले मार्ग का नाम उनके नाम पर रखा जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रस्ताव को नगर निगम सदन में मंजूरी मिलने के बाद सड़क का आधिकारिक नामकरण कर दिया जाएगा।

## जनसेवा और सादगी की मिसाल थे तेलूराम कम्बोज

**करंट क्राइम।** स्वर्गीय तेलूराम कम्बोज भाजपा के वरिष्ठ नेता होने के साथ-साथ पत्रकारिता जगत में भी अपनी अलग पहचान रखते थे। महापौर ने उनके सामाजिक योगदान और शहर के विकास में निभाई गई भूमिका को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## सदन की मंजूरी के बाद पूरी होगी प्रक्रिया

**करंट क्राइम।** नगर निगम प्रशासन अब इस प्रस्ताव को आगामी सदन की बैठक के एजेंडे में शामिल करेगा। प्रस्ताव पारित होने के बाद सड़क के नामकरण की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। महापौर की इस पहल का स्थानीय नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं और तेलूराम कम्बोज के शुभचिंतकों ने स्वागत किया है।




## कई थ्री-स्टार लगा रहे हैं गाजियाबाद की ताल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों एक आवाज सुनाई दी थी कि जिन थ्री-स्टार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 2021 से अब तक का समय हो गया है, उनकी जल्द ही यहां से विदाई की जाएगी। वहीं इन सबके बीच जानकारी मिली है कि कुछ ऐसे थ्री-स्टार भी हैं, जो गाजियाबाद आने के लिए ताल ठोंक चुके हैं। अब बताया जा रहा है की क्राइम कंट्रोल में माहिर एक इंस्पेक्टर गाजियाबाद आने के लिए बिल्कुल तैयार बैठे हैं। इधर जैसे ही नाम माने जाएंगे, वह उधर से इधर के लिए चले आएंगे।



इन सबके बीच जानकारी यह भी है कि एक महिला थ्री-स्टार भी गाजियाबाद के लिए प्रयासरत हैं। तो इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से एसीपी वाला मामला अभी अटका हुआ है, ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जिन दो लोगों को जाना है, उनकी डेट कब फिक्स होगी और कौन किस सर्किल के लिए रेस लगा रहा है। वहीं सुनने में आ रहा है कि सबसे ज्यादा रेस नदिया पार और देहात के सर्किल के लिए टेंशन और अटेंशन रहेगी। बताया जा रहा है कि जिस बेहद खास सर्किल के लिए एक ठाकुर साहब व्यवस्था में लगे थे, उनका मामला बन नहीं पाया है और अब देखना होगा कि अगला पिंक सर्किल कौन सा होगा। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से आजादी की क्रांति वाली धरा में वायरल मैसेज ने बवाल मचाया था, ऐसा यहां पर कुछ ना हो, इसको लेकर अभी से अधिकारी भी अलर्ट वाले मोड पर आ गए हैं। इन सबके बीच लखनऊ वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि 15 जून से पहले पुलिस कमिश्नरेट से लेकर अलग-अलग जिलों के लिए जो लिस्ट आनी है, वह रवाना कर दी जाएगी। अब बताया जा रहा है कि इस बार कांवड़ वाली यात्रा को लेकर सूबे वाले अधिकारी और खादी वाले महकमे ने अभी से प्लानिंग और अन्य विषयों पर चर्चा शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि वैसे भी यह चुनावी साल है, ऐसे में खाकी और खादी दोनों के प्रमुख सोच समझकर फैसला लेंगे, क्योंकि इसके एक्शन और रिएक्शन दोनों हो सकते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एंट्री लेने के लिए एक महिला थ्री-स्टार और आधा दर्जन से अधिक पुरुष थ्री-स्टार अपनी लाल ठोंक रहे हैं। देखना होगा किसकी सेटिंग काम आती है और कौन वेटिंग में रह जाता है।

# शिक्षिका विनीता शर्मा को किया सम्मानित

## लगातार दूसरे वर्ष मिला बेस्ट टीचर सम्मान, शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान को मिली पहचान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेंट टेरेसा स्कूल, इंदिरापुरम की कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ शिक्षिका एवं कंप्यूटर पुस्तकों की लेखिका विनीता शर्मा को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है।

पिछले 22 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय विनीता शर्मा को हाल ही में आईटीएस कॉलेज, गाज़ियाबाद द्वारा आयोजित समारोह में ह्यअकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड 2025-26 (बेस्ट टीचर) से सम्मानित किया गया। लगातार दूसरे वर्ष मिले इस सम्मान ने उनकी उत्कृष्ट शिक्षण शैली, विद्यार्थियों के बेहतर परिणामों और नवाचार आधारित शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को नई पहचान दी है। इसके अलावा वरदाना फाउंडेशन ने भी शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान को सम्मानित किया। फाउंडेशन की संस्थापक वंदना सोनी ने कहा कि विनीता शर्मा के कार्य शिक्षक समुदाय और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

स्कूल की प्रिंसिपल रेणु श्रीवास्तव ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विनीता शर्मा की निष्ठा, नेतृत्व क्षमता और समर्पण पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा हैं।

वहीं निदेशक राजा रमन खन्ना एवं विजय कुमार गुलाटी ने इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। सम्मान प्राप्त करने पर विनीता शर्मा ने इसका श्रेय विद्यालय प्रबंधन, सहकर्मियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा और समाज के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत पर बवाल, अस्पताल में हंगामा

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक अस्पताल में कूल्हे के उपचार के दौरान महिला की मौत के बाद शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने चिकित्सक पर गलत उपचार का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के दौरान अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। वहीं, अस्पताल और परिजनों दोनों पक्षों की ओर से मारपीट के आरोप लगाए गए हैं।

गाजियाबाद जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के अमराला गांव की 44 वर्षीय अनीता देवी को दो जून को कूल्हे के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार चार जून को महिला का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और उपचार को लेकर सवाल उठाने लगे। अनीता देवी के भाई सुनील और पुत्र संदीप कुमार ने आरोप लगाया कि गलत उपचार के कारण मौत हुई है। उनका कहना है कि हालत बिगड़ने के बावजूद उन्हें जानकारी नहीं दी गई।

दोनों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षाविद् डा. रामअवतार जिंदल अभिव्यंजना 5.0 में शामिल हुए। उन्होंने यहां उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मुलाकात की। डा. कुमार विश्वास सहित कई साहित्यकारों, कवियों से संवाद स्थापित किया। डा. रामअवतार जिंदल ने साहित्यक और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाने के इस प्रयास की जमकर सराहना की। उन्होंने ललित फाउन्डेशन की पूरी टीम को बधाई देते हुए अपनी मन की भावनाओं को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। शिक्षाविद् डा. रामअवतार जिंदल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

07 June -26 page 7 06-06-26 10:28 PM Page 1






# क्या इस्राइल कर रहा अमेरिकी अधिकारियों की जासूसी

## रिपोर्ट में बड़ा दावा, पेंटागन ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और इस्राइल के बीच ईरान नीति को लेकर मतभेद बढ़ने के बीच पेंटागन ने इस्राइली खुफिया गतिविधियों पर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने इस्राइल से जुड़े प्रति-खुफिया खतरे का स्तर बढ़ाकर सबसे उच्च श्रेणी में रखा है। अधिकारियों को आशंका है कि इस्राइल अमेरिकी नीतिगत चचाओं की जानकारी हासिल करने का प्रयास कर सकता है, जिसके चलते अतिरिक्त सुरक्षा उपाय अपनाए जा रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच ईरान संघर्ष को लेकर मतभेद बढ़ने के संकेत साफ दिख रहे हैं। इस बीच पेंटागन ने इस्राइली खुफिया गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है।

पेंटागन ने चेतावनी दी है कि वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी इस्राइल की जासूसी गतिविधियों के निशाने पर हो सकते हैं। एनबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, दो वर्तमान अमेरिकी अधिकारियों और एक पूर्व अधिकारी ने खुलासा किया है कि पेंटागन की रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) ने हाल ही में इस्राइल के प्रति-खुफिया खतरे (काउंटर-इंटेलिजेंस थ्रेट) की श्रेणी को बढ़ाकर 'गंभीर' कर दिया है, जो इसके आंतरिक मूल्यांकन का उच्चतम स्तर है।



**जासूसी की आशंका के चलते बरतीं क्या सावधानियां?**

एक वर्तमान अधिकारी ने अमेरिकी प्रसारक से कहा, ₹इस्राइल की यात्रा के दौरान अमेरिका पहले से ही अतिरिक्त सावधानी बरतता है।₹ उन्होंने बताया कि इस्राइली खुफिया एजेंसियों को लंबे समय से सूचना एकत्र करने में विशेष रूप से आक्रामक माना जाता रहा है।

खासकर उच्च-स्तरीय यात्राओं के दौरान ऐसी सावधानियों में कथित तौर पर बर्नर फोन, अस्थायी कंप्यूटर और सख्त संचार प्रोटोकॉल का इस्तेमाल शामिल है। पूर्व राजनयिकों, खुफिया अधिकारियों और सुरक्षा विशेषज्ञों ने कहा है कि वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी अक्सर इस्राइल में संवेदनशील मामलों पर होटल के कमरों और अन्य संभावित संवेदनशील जगहों पर गोपनीय चर्चा करने से बचते हैं।

इस कदम ने अमेरिकी रक्षा प्रतिष्ठान के कुछ वर्गों के बीच बढ़ती चिंता को दशार्या है कि इस्राइल पश्चिम एशिया में संघर्षों पर ट्रंप प्रशासन की आंतरिक चचाओं के बारे में आक्रामक रूप से जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है।

**आंतरिक आकलन रिपोर्ट में जताई गई चिंता**

रिपोर्ट के अनुसार, यह आकलन ऐसे समय में तैयार किया गया जब ईरान के खिलाफ युद्ध की दिशा को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं।

मामले से परिचित अधिकारियों ने एनबीसी न्यूज को बताया कि डीआईए ने सात पन्नों का एक आकलन दस्तावेज प्रसारित किया, जिसमें इस्राइल की खुफिया जानकारी एकत्र करने की क्षमताओं के बारे में चिंताएं जताई गई थी।

दस्तावेज में कई ऐसी घटनाओं का भी जिक्र किया गया है, जिन्होंने चिंता को बढ़ा दिया है। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि वे किसी भी एक घटना से अवगत नहीं थे, जिसने सीधे इस फैसले को जन्म दिया हो। वर्तमान और पूर्व अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा सावधानियां अपनाने की संभावना है। हालांकि, दोनों देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करना अप्रभावित रहेगा। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के रक्षा और सुरक्षा विभाग की उपाध्यक्ष एमिली हार्डिंग ने इस्राइल की खुफिया प्रणाली को अति-आक्रामक बताया। उन्होंने कहा, ₹वे इस बात में बहुत ज्यादा रुचि रखते हैं कि हम क्या कर रहे हैं।₹

**इस्राइल ने किया आरोपों का खंडन**

इस्राइल ने आरोपों का कड़ा खंडन किया है। वॉशिंगटन में इस्राइली दूतावास के एक प्रवक्ता ने अमेरिकी अधिकारियों पर जासूसी के दावों को पूरी तरह से झूठा बताया। प्रवक्ता ने कहा, इस्राइल अमेरिकी संस्थाओं पर, विशेष रूप से अमेरिकी सरकारी अधिकारियों पर खुफिया जानकारी एकत्र नहीं करता है। उन्होंने रिपोर्ट को झूठा बताया और कहा कि यह ऐसे लोगों के हवाले से प्रकाशित की गई है, जिन्हें आंतरिक घटनाक्रम की जानकारी नहीं है।

हालांकि, सहयोगी देशों के बीच खुफिया जानकारी जुटाना असामान्य नहीं माना जाता, लेकिन वर्तमान और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि अगर ऐसे आरोप सही हैं, तो यह मित्र देशों के बीच सामान्य रूप से स्वीकार्य जासूसी गतिविधियों की सीमा से आगे जाता है।

# चिलचिलाती धूप, ट्रक खराब और पानी खत्म: तड़प-तड़प कर मर गए 49 लोग

**नई दिल्ली।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर के सहारा मरुस्थल से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाने अपने घर लौट रहे 49 लोगों की प्यास के कारण तड़प-तड़प कर मौत हो गई। भीषण गर्मी के बीच बीच रेगिस्तान में ट्रक खराब हो जाना इन यात्रियों के लिए काल बन गया। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सहारा के खतरनाक रास्तों और वहां की प्रतिकूल परिस्थितियों को सामने ला दिया है।

**बीच रेगिस्तान में टूटा ट्रक का साथ**

नाइजर के अगाडेज प्रांत के अधिकारियों के अनुसार, ये सभी लोग माली से अपने परिवार के साथ ईद मनाने के लिए नाइजर लौट रहे थे। यात्रा के दौरान असमका से लगभग 80 किलोमीटर दूर उनका ट्रक अचानक खराब हो गया। चालक, उसके सहायकों और यात्रियों ने ट्रक को ठीक करने की काफी कोशिशें कीं, लेकिन वे असफल रहे। पानी की सीमित मात्रा जल्द ही खत्म हो गई और चिलचिलाती धूप व भीषण तापमान के बीच यात्री फंस गए। आपूर्ति का कोई



साधन न होने के कारण एक-एक कर 49 लोगों ने दम तोड़ दिया।

**दो जांबाज बचे, 50 किमी पैदल चलकर दी सूचना**

इस मौत के तांडव के बीच दो लोग चमत्कारिक रूप से बचने में कामयाब रहे। अपनी जान बचाने के लिए इन दोनों ने भीषण गर्मी में करीब 50 किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। पहले वे एक जल स्रोत तक पहुंचे और फिर असमका शहर पहुंचकर अधिकारियों को इस भयावह घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही गवर्नर जनरल इब्राह बुलामा ईसा के नेतृत्व में एक दल मौके पर पहुंचा, जहां उन्हें ट्रक के नीचे और आसपास दर्जनों बेजान शरीर मिले। बचाव दल ने सभी पीड़ितों को वहीं सामूहिक कब्रों में दफन कर दिया है।

## भारत-अमेरिका सेना वार्ता में रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच 29वीं ह्यआर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ताह्न हवाई में आयोजित हुई, जिसमें दोनों देशों ने रक्षा सहयोग और सैन्य समन्वय को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और अमेरिकी सेना प्रशांत के उप कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल जोएल वोवेल ने की। भारतीय सेना के अनुसार, वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने, सेनाओं के बीच तालमेल मजबूत करने, पेशेवर आदान-प्रदान का विस्तार करने और साझा सुरक्षा हितों के लिए सैन्य सहयोग को गहरा करने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने बढ़ते रक्षा संबंधों की सराहना करते हुए भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# भारत के प्रति यूरोप का दोहरा रवैया: आतंकवाद पर पाकिस्तान का दिया साथ, अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में खुली पोल

**तेल अवीव।** यूरोप एक तरफ भारत को अपना खास दोस्त बताता है। दूसरी तरफ वह पाकिस्तान की पीठ थपथपाने से बाज नहीं आ रहा है। यूरोप के इसी दोहरे खेल का अब पदार्फाश हुआ है। इटली के बड़े भू-राजनीतिक विशेषज्ञ सर्जियो रेस्टेली ने इस पर बड़ा खुलासा किया है। 'टाइम्स ऑफ इस्राइल' में लिखे अपने लेख में उन्होंने यूरोप की कूटनीति पर तीखे सवाल उठाए हैं। रेस्टेली के मुताबिक, यूरोप भारत के साथ सुरक्षा के बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन जब बात पाकिस्तान की आती है, तो वह तुरंत सुर बदल लेता है। वह पाकिस्तान को बचाने के लिए शांति और संयम की खोखली भाषा बोलने लगता है।

**कश्मीर की तुलना यूक्रेन से करने पर मचा बवाल**

हाल ही में इस्लामाबाद में पाकिस्तान और यूरोपीय संघ (ईयू) की एक बड़ी बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद दोनों ने एक साझा बयान जारी किया। इस बयान में यूरोपीय संघ ने भारत के जम्मू-कश्मीर की तुलना सीधे यूक्रेन से कर दी। इस हरकत से यूरोप का असली चेहरा सामने आ गया है। रेस्टेली ने कहा कि ऐसा करके यूरोप ने पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह छिपा दिया। सिर्फ दिखावे के लिए यूरोप ने आतंकवाद के खिलाफ अपने ही सिद्धांतों की धज्जियां उड़ा दीं। इससे भारत में एक गलत संदेश गया है। साफ लगता है कि यूरोप को भारत का बड़ा बाजार तो चाहिए, लेकिन वह भारत की सुरक्षा की चिंता बिल्कुल नहीं करता।



**यूरोपीय नेता के दौरे से बढ़ा कूटनीतिक भ्रम**

यूरोपीय संघ की बड़ी नेत्री काजा कलास ने हाल ही में पाकिस्तान का दौरा किया। इस दौरे को लेकर विशेषज्ञ रेस्टेली ने इसे यूरोप का रणनीतिक भ्रम कहा है। कलास ने इस साल की शुरूआत में भारत के साथ रक्षा संबंध मजबूत करने का दावा किया था। लेकिन पाकिस्तान जाते ही उनका रुख बदल गया। असल में यूरोप अमेरिका से होने वाले अपने नुकसान की भरपाई करना चाहता है। इसके लिए वह भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करना चाहता है। लेकिन जैसे ही उपमहाद्वीप में तनाव बढ़ता है, वह फिर से पुराने पाकिस्तान राग पर लौट आता है। यूरोप सिर्फ ईरान के मामले में अपनी जगह बनाने के लिए आसिफ मुनीर जैसे तानाशाहों के आगे झुक रहा है।

**पाकिस्तान को बिना किसी कीमत के मिल गई माफी**

सर्जियो रेस्टेली ने साफ शब्दों में कहा कि किसी नेता के पाकिस्तान जाने से कोई दिक्कत नहीं है। असल दिक्कत यह है कि इस दौरे में पाकिस्तान से आतंकवाद पर कोई जवाब नहीं मांगा गया।

# क्यूबा पर कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों की चीन ने की आलोचना, कहा- बदमाशी बंद करे वाशिंगटन

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने क्यूबा के खिलाफ अपनी नाकेबंदी और प्रतिबंधों को और कड़ा कर दिया है तथा सार्वजनिक रूप से क्यूबा के नेताओं को निशाना बनाया है।

प्रवक्ता ने कहा, यह एक बार फिर अमेरिकी बदमाशी, उत्पीड़न और दबाव की नीति को उजागर करता है। चीन इसका दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि क्यूबा में स्थिरता बनाए रखना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की साझा अपेक्षा है। क्यूबा को अस्थिर करने की कोशिशें आखिरकार विफल होंगी। चीन ने अमेरिका से क्यूबा पर लगाई गई नाकेबंदी और हर प्रकार के दबाव को तुरंत खत्म करने की अपील की। चीनी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि चीन हमेशा क्यूबा की राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और बाहरी दखल के विरोध में उसके साथ खड़ा रहेगा।



अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में क्यूबा के राष्ट्रपति डियाज-कैनेल, उनकी पत्नी, सौतेले बेटे तथा क्यूबा के पूर्व नेता राउल कास्त्रो के बेटे और पोते को प्रतिबंध सूची में शामिल किया।

मिगुएल डियाज-कैनेल ने इन प्रतिबंधों को क्यूबा के खिलाफ नाकेबंदी को और मजबूत करने की कोशिश बताया।

उन्होंने कहा कि क्यूबा साम्राज्यवादी आक्रमण का डटकर मुकाबला करेगा। वहीं, क्यूबा के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी कदम को 'आर्थिक आक्रमण' करार देते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका इसे बहाना बनाकर क्यूबा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की कोशिश कर सकता है।

# असहमति के सवाल पर तीखी बहस, भारतीय दूतावास ने जताई कड़ी आपत्ति

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के एक कार्यक्रम में दर्शकों के व्यवहार को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। दरअसल, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के बर्कबेक कॉलेज में आयोजित एक लेक्चर के दौरान भारत में 'असहमति' को लेकर सवाल उठा रही एक महिला दर्शक को बीच में ही टोक दिया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**एआई के लेक्चर में उठा असहमति का मुद्दा**

यह पूरा विवाद चार जून 2026 को हुआ, जब सीजेआई सूर्यकांत 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेशनल लॉ' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। भाषण के बाद जब सवाल-जवाब का सिलसिला शुरू हुआ, तो दर्शकों में मौजूद एक महिला ने भारत में लोकतंत्र और असहमति के प्रति बढ़ती कथित शत्रुता को लेकर सवाल उठाना शुरू कर दिया।



महिला ने सीजेआई के पुराने बयानों का हवाला देते हुए जैसे ही अपनी बात आगे बढ़ानी चाही, मंच संचालक ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। संचालक ने कहा कि पूरे सम्मान के साथ, मैं माफी चाहता हूं कि मैं इस सवाल को आगे नहीं बढ़ा सकता, क्योंकि आज की चर्चा का विषय केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतरराष्ट्रीय कानून तक सीमित है। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद अन्य दर्शकों ने इस पर विरोध भी जताया।



**भारतीय उच्चायोग ने आचरण को बताया अस्वीकार्य**

इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद लंदन में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर दर्शकों के इस व्यवहार पर आपत्ति जताई। भारतीय दूतावास ने कहा कि सार्वजनिक मंचों पर इस तरह का अभद्र व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है। लोकतांत्रिक समाज में वैचारिक मतभेद होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन उसे व्यक्त करने का तरीका हमेशा सभ्य, शालीन और गरिमापूर्ण होना चाहिए।

**'कॉकरोच' वाले बयान से जुड़ा है पूरा विवाद**

लंदन में हुए इस हंगामे के तार सीजेआई सूर्यकांत के पुराने बयान से जुड़े हैं। 15 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने बिना डिग्री या फर्जी डिग्री के वकालत, आरटीआई एक्टिविज्म और मीडिया में काम करने वालों की तुलना 'कॉकरोच ' से कर दी थी। हालांकि, अगले ही दिन उन्होंने स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि उनके बयान को मीडिया के एक हिस्से ने गलत तरीके से पेश किया और वे देश के युवाओं का बेहद सम्मान करते हैं। इस बीच, सोशल मीडिया पर इस बयान के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नाम का एक ऑनलाइन संगठन भी बन गया, जिसके प्रवक्ता सौरव दास ने लंदन की घटना पर सीजेआई को घेरा है।

# यूक्रेन का बड़ा ड्रोन हमला: रूस का सेंट पीटर्सबर्ग दहला

## क्या पुतिन के प्रस्ताव ठुकराने से भड़के जेलेंस्की

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग पर बड़े पैमाने पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद अधिकारियों ने लोगों को घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार वायु रक्षा प्रणालियों ने सैकड़ों ड्रोन मार गिराए, जबकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह हमला हाल के दिनों में शहर के तेल टर्मिनल और नौसैनिक अड्डे को निशाना बनाने वाली घटनाओं के बाद हुआ है।

रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग के निवासियों को शनिवार सुबह बड़े पैमाने पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद अपने घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कीव की रूस के भीतर हमला करने की बढ़ती क्षमता का जिक्र किया।



सेंट पीटर्सबर्ग के गवर्नर अलेक्जेंडर बेगलोव ने निवासियों को बाहर न जाने की सलाह दी और मोबाइल इंटरनेट सेवा में संभावित व्यवधान की चेतावनी दी। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज्डेनको ने बताया कि लेनिनग्राद क्षेत्र में 141 ड्रोन मार गिराए गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने 376 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया।

**इस हफ्ते यूक्रेन का दूसरा बड़ा हमला:** इन हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सेंट पीटर्सबर्ग पर इस नए हमले को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। दरअसल, रूसी अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि वे संघर्ष को एक दूर की घटना के रूप में प्रस्तुत करें जो रूसी दैनिक जीवन को प्रभावित नहीं करती है।

रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग पर बड़े पैमाने पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद अधिकारियों ने लोगों को घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार वायु रक्षा प्रणालियों ने सैकड़ों ड्रोन मार गिराए, जबकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह हमला हाल के दिनों में शहर के तेल टर्मिनल और नौसैनिक अड्डे को निशाना बनाने वाली घटनाओं के बाद हुआ है।

रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग के निवासियों को शनिवार सुबह बड़े पैमाने पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद अपने घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कीव की रूस के भीतर हमला करने की बढ़ती क्षमता का जिक्र किया।

सेंट पीटर्सबर्ग के गवर्नर अलेक्जेंडर बेगलोव ने निवासियों को बाहर न जाने की सलाह दी और मोबाइल इंटरनेट सेवा में संभावित व्यवधान की चेतावनी दी।

# 'असली दुश्मन पहचानें': लेबनानी राष्ट्रपति औन के बयान पर ईरान का पलटवार, कहा- अपने देश को बचाएं

**तेहरान।** ईरान और लेबनान के बीच बयानबाजी तब तेज हुई, जब लेबनान के राष्ट्रपति ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह अपने हितों के लिए उनके देश का इस्तेमाल करता है। जवाब में ईरान ने आरोपों को खारिज करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी और लेबनान को अपने असली मुद्दों पर ध्यान देने को कहा।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। औन ने आरोप लगाया था कि ईरान अपने क्षेत्रीय हितों के लिए लेबनान का इस्तेमाल एक सौदेबाजी के साधन के रूप में करता है।

### लेबनान के राष्ट्रपति ने क्या आरोप लगाया?

विवाद तब शुरू हुआ, जब राष्ट्रपति औन ने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ अपनी कूटनीतिक बातचीत में लेबनान को दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल करता है।

**ईरान के विदेश मंत्रालय ने पलटवार किया**





इसके जवाब में ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखी टिप्पणी की। बघाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जो लोग उनके (लेबनान के राष्ट्रपति) साथ रहते हैं, उन्हें छोड़ देते हैं और जो उनके खिलाफ होते हैं, उनके साथ हो जाते हैं।

यह बयानबाजी उस समय तेज हुई, जब राष्ट्रपति औन ने कहा कि बातचीत मुश्किल जरूर है, लेकिन कुछ अहम प्रगति हुई है। इसी दौरान उन्होंने ईरान की विदेश नीति की आलोचना करते हुए कहा कि तेहरान लेबनान को अमेरिका के साथ बातचीत में एक 'सौदेबाजी के साधन' की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

**अब्बास अराघची ने कसा तंज**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी इन आरोपों को खारिज किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राष्ट्रपति औन के बयानों से ऐसा लगता है जैसे ईरान ने लेबनान के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया हो, लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया हो और रोजाना बमबारी कर रहा हो। उन्होंने कहा कि लेबनान को अपने असली दुश्मन को पहचानना चाहिए और राष्ट्रपति औन से कहा, लेबनान को उसके वास्तविक शत्रु से बचाइए।

औन ने कहा, यह आपका नहीं, हमारा देश है। आपका काम हमारे देश के मामलों में दखल देना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत में लेबनान का इस्तेमाल करना स्वीकार्य नहीं है।

यह तनाव ऐसे समय में बढ़ा है, जब लेबनान और इस्राइल के बीच संघर्ष जारी है। राष्ट्रपति औन ने कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल बातचीत और कूटनीति से ही संभव है। उन्होंने कहा, हिजबुल्लाह को समझना होगा कि बातचीत के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। देश को बचाने के लिए वार्ता और कूटनीति ही एकमात्र विकल्प है।

हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम पर निशाना साधते हुए औन ने कहा कि लेबनान के लोग लगातार युद्ध से थक चुके हैं और शांति चाहते हैं।

## लेबनान-इस्राइल के बीच दुश्मनी खत्म करने का बड़ा अवसर: औन

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि लेबनान और इस्राइल के बीच दुश्मनी खत्म करने का यह एक बड़ा अवसर है। हालांकि, उन्होंने जोर दिया कि हिजबुल्लाह के हथियारों के मुद्दे का समाधान लेबनान के भीतर ही होना चाहिए और इसके लिए इस्राइली सेना की पूर्ण वापसी जरूरी है। उन्होंने इस्राइल से युद्ध समाप्त करने की इच्छा दिखाने की अपील करते हुए कहा, हम तैयार हैं और प्रतिबद्ध हैं। क्या आप भी हैं? औन ने चेतावनी दी कि केवल सैन्य कार्रवाई से इस्राइल अपने दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि किसी देश को पूरी तरह तबाह करने के बावजूद विचारधाराओं और संगठनों को समाप्त करना आसान नहीं होता। लेबनान में हिजबुल्लाह एकमात्र प्रमुख सशस्त्र समूह है, जिसने 1975–1990 के गृहयुद्ध के बाद भी अपने हथियार नहीं छोड़े। संगठन का कहना है कि उसका सैन्य ढांचा बाहरी कब्जे और खतरों का मुकाबला करने के लिए जरूरी है।

# ट्रंप ने की मोजतबा से मुलाकात की पेशकश: अराघची ने कसा तंज

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के तनाव के बीच एक नया कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई से मुलाकात करने की इच्छा जताई है। इस पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तंज कसा है। अराघची ने ट्रंप के बयान को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें वास्तविक दुनिया में रहने की सलाह दी है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा था कि अगर तेहरान के साथ कोई ठोस समझौता होता है, तो वह ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने यहां तक कहा कि इस मुलाकात से वह सम्मानित महसूस करेंगे।

जब लेबनानी मीडिया ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से ट्रंप की इस टिप्पणी पर सवाल पूछा, तो उन्होंने व्यावहारिक होने की बात कही। अराघची ने कहा कि मैंने वह रिपोर्ट देखी है जिसमें ट्रंप ने मुलाकात की इच्छा जताई है। लेकिन मेरा मानना है कि हमें व्यावहारिक होना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति को हवा में बातें करने के बजाय असली दुनिया में सोचना और जीना चाहिए।

**युद्ध के बीच नए सर्वोच्च नेता की सुरक्षा:** गौरतलब है कि 28 फरवरी 2026 को अमेरिकी और इस्राइली हमलों में पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इसके बाद मार्च में उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया। विदेश मंत्री अराघची ने साफ किया कि देश के मामलों पर नए सर्वोच्च नेता का पूरा नियंत्रण है।


गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# श्रद्धा, सम्मान और कर्तव्य का संगम: इंस्पेक्टर अनिल राजपूत ने पिता की स्मृति में बनवाया भव्य स्मृति द्वार

## - 19वीं पुण्यतिथि पर हुआ उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात और अपने कर्तव्यनिष्ठ, सख्त पुलिसिंग अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल राजपूत ने अपने स्वर्गीय पिता घासीराम राजपूत की स्मृति को अमर बनाने के लिए अपने पैतृक गांव ग्राम नरिया का पूर्वा औरैया में भव्य स्मृति द्वार का निर्माण कराया है। यह स्मृति द्वार न केवल एक निर्माण कार्य है, बल्कि पिता के प्रति श्रद्धा, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक माना जा रहा है। बता दें कि स्व० घासीराम राजपूत की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इस स्मृति द्वार का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्यमंत्री कैलाश राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें और उनके कर कमलों द्वारा स्मृति द्वार का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नरिया का पूर्वा, जनपद औरैया में किया गया, जहां सुबह 11:30 बजे उद्घाटन समारोह हुआ। तो इस अवसर पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया है। पूरे गांव में इस आयोजन को लेकर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। यहां र बता दें कि इंस्पेक्टर अनिल राजपूत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपनी सख्त और सक्रिय पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं।



वे इससे पूर्व नोएडा कमिश्नरेट में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

गाजियाबाद में तैनाती के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों की जांच और कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ और सक्रिय पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर परिवार की ओर से गीता देवी, पूजा राघव सहित परिजन आयोजन में जुटे। तो भारतीय नौसेना से मृदुल राजपूत, उत्तर प्रदेश पुलिस से आनंद राजपूत व कुंवर दिग्विजय सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहें। अनिल राजपूत का कहना है कि यह स्मृति द्वार आने वाली पीढ़ियों के लिए न केवल एक धरोहर होगा, बल्कि पिता के प्रति पुत्र की श्रद्धा और सामाजिक सम्मान का भी सशक्त संदेश देगा।

# ई-ऑफिस से हाईटेक हुआ नगर निगम

## फाइलों के गुम होने और देरी पर लगेगी रोक

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की पहल

## सभी प्रमुख विभागों में डिजिटल फाइल प्रणाली लागू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत कर दी गई है। अब निर्माण, स्वास्थ्य, जलकल, प्रकाश और उद्यान समेत विभिन्न विभागों की फाइलें डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही हैं तथा अंतिम अनुमोदन भी ई-ऑफिस के जरिए प्राप्त किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम में प्रतिदिन 200 से अधिक फाइलों का निस्तारण होता है। पहले फाइलें लिपिक से विभागीय अधिकारियों, अपर नगर आयुक्त, नगर आयुक्त और महापौर कार्यालय तक पहुंचने में काफी समय लेती थीं, जिससे अनियमितता और फाइलों के गुम होने की आशंका बनी रहती थी। ई-ऑफिस लागू होने के बाद फाइलों का रखरखाव आसान हो गया है और कार्यों में गति के साथ पारदर्शिता भी बढ़ी है।

### वर्क फ्रॉम एनीवेयर को भी मिला बढ़ावा

**करंट क्राइम :** इस दौरान ई-ऑफिस व्यवस्था के लिए अधिकारियों, लिपिकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। सभी विभागों में उच्च गुणवत्ता वाले कंप्यूटर और स्कैनर उपलब्ध कराए गए हैं। नई प्रणाली से समय की बचत होने के साथ वर्क फ्रॉम एनीवेयर की सुविधा भी मजबूत हुई है। नगर आयुक्त के अनुसार जल्द ही नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ सभी जोनल कार्यालयों में भी ई-ऑफिस लागू किया जाएगा। इससे पुरानी पत्रावलियों को खोजने में आसानी होगी और शहर के विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलेगी। नगर निगम की यह डिजिटल पहल प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# लोनी में संपूर्ण समाधान दिवस

## 69 शिकायतें, 4 का मौके पर समाधान



**लोनी करंट क्राइम।** लोनी की इंद्रप्रस्थ कालोनी में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष 69 शिकायतें आई, इनमें से चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर करने के निर्देश दिए हैं।

संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ के समक्ष तहसील की 30, नगर पालिका लोनी की 20, विद्युत विभाग को तीन, पुलिस विभाग की नौ, जीडीए को दो, खंड विकास अधिकारी लोनी एक, पीओ डूडा, आवास निर्माण विभाग, वन विभाग व स्वास्थ्य विभाग की एक एक शिकायत समेत कुल 69 शिकायत आई।

चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर हो सका। जिला मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद ने शेष बची 65 शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम दीपक सिंघनवाल, तहसीलदार डा. अरुण अग्रवाल, समेत अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में बेगमाबाद मस्जिद के पास 14 अवैध दुकानों पर प्रशासन का एक्शन, 2.22 करोड़ का जुमार्ना

**मोदीनगर करंट क्राइम।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर मोदीनगर तहसील प्रशासन ने शनिवार को बड़ा एक्शन लिया। बेगमाबाद में जामा मस्जिद के पास बनी 14 अवैध दुकानें व एक गोदाम के संचालक को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जमीन खाली करने के आदेश दिये गए। यदि दो दिन के भीतर यहां से दुकानें नहीं हटाई नहीं गई तो सोमवार को नगरपालिका की टीम ध्वस्तीकरण कर खुद कब्जा लेगी।

दुकानदारों पर 2.22 करोड़ का जुमार्ना भी लगाया गया है। शनिवार को एसडीएम मोदीनगर मौके पर पहुंचे और लाउडस्पीकर से फरमान सुनाया। शांतिव्यवस्था को लेकर मस्जिद व



दुकानों के पास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### प्रशासन का दावा है कि यह जमीन नगरपालिका की

बेगमाबाद गांव में जामा मस्जिद है, जिसे बड़ी मस्जिद भी कहा जाता है। मस्जिद में प्रवेश द्वारा से सटाकर एक कांप्लेक्स बनी हुई है, जिसमें 14 दुकानें व एक गोदाम है। इस जमीन पर मस्जिद समिति अपना स्वामित्व बताती थी। जबकि प्रशासन का दावा है कि यह जमीन नगरपालिका की है। इसको लेकर एसडीएम कोर्ट में पीपी एक्ट में वाद चल रहा था।

30 नवंबर 2023 को एसडीएम



कोर्ट से नगरपालिका मोदीनगर के पक्ष में फैसला सुनाया गया। लेकिन उस समय कब्जा नहीं लिया गया। इसी का फायदा उठाकर 28 अप्रैल 2025 को मस्जिद समिति की तरफ से शिकायती पत्र दाखिल किया गया। इसपर फिर से सुनवाई हुई। लेकिन मस्जिद प्रबंधन समिति अपने पक्ष में कोई मजबूत साक्ष्य नहीं दे पाई।

# श्री राम कथा के चौथे दिन बाल लीला से धनुष यज्ञ तक का हुआ वर्णन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री राम कथा के चौथे दिन शनिवार को पं. कृष्ण प्रताप तिवारी ने चारों भाइयों के जन्मोत्सव से लेकर धनुष यज्ञ तक की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि राजा दशरथ ने वशिष्ठ मुनि से चारों भाइयों का नामकरण कराया। राम के तेज से अयोध्या में हर ओर आनंद छा गया। माताएं राम के एक दर्शन से तृप्त हो जाती थीं। किशोरावस्था में राम की शौर्य गाथा विश्व भर में फैल गई।



राक्षसों से परेशान ऋषि-मुनियों की रक्षा के लिए विश्वामित्र के आग्रह पर राजा दशरथ ने राम-लक्ष्मण को उनके साथ वन भेजा। वहां भगवान राम ने ताड़का वध कर ऋषियों को राक्षसों के अत्याचार से मुक्त किया। इसके बाद विश्वामित्र दोनों भाइयों को सीता स्वयंवर के लिए जनकपुर ले गए। पं. तिवारी ने बताया कि शनिवार को कथा में भगवान राम और माता सीता का विवाह उत्सव मनाया जाएगा।

कथा में मुख्य यजमान हरि अग्रवाल रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद राजीव भाटी, युग गुर्जर, राज किशन अग्रवाल, नीलेश मित्तल, साईराम नायर, सुनीत खुराना, भौमिक, तेजपाल शर्मा, सुनील भाटी, जन्मजेय शर्मा, सुभाष शर्मा, साहिल कपूर, सतेंदर डागर, ओम प्रकाश शर्मा, एम.पी. गोयल, दीपक मित्तल, पं. विध्यभूषण गर्ग, शरद भाटी आदि क्षेत्रवासी मौजूद रहे।




# भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों पर नए विमर्श को प्रस्तुत करती पुस्तक 'रामायण : प्रश्नों के स्वर' का लोकार्पण



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्यों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र पर केंद्रित पुस्तक 'रामायण : प्रश्नों के स्वर' का भव्य लोकार्पण नई दिल्ली स्थित साहित्य अकादमी के सभागार में शुक्रवार शाम को संपन्न हुआ। पुस्तक के लेखक एवं इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रकाशक डॉ. संजीव कुमार हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया, डॉ. प्रेम जनमेजय, डॉ. प्रताप सहगल सहित अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार रणविजय राव ने किया।

लोकार्पण अवसर पर चर्चा में अपने विचार व्यक्त करते हुए ममता कालिया ने कहा कि 'रामायण : प्रश्नों के स्वर' रामायण के पात्रों को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर प्रदान करती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेम जनमेजय ने कहा कि पुस्तक छोटे-छोटे सर्गों में विभाजित है, जिनमें लेखक ने रामायण के विभिन्न पक्षों को प्रस्तुत करते हुए उसने प्रश्नों और विवाद के बीज डाले हैं। साहित्यकार राजेश श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला सांस्कृतिक आधार है। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी शंकर बाजपेयी, प्रो. संध्या वात्स्यायन तथा डॉ. सविता चड्ढा सहित अन्य वक्ताओं ने भी पुस्तक के विविध पक्षों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. प्रताप सहगल ने पुस्तक पर सारगर्भित चर्चा कर समापन किया।

पुस्तक की रचना-प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए लेखक डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि रामायण के गहन अध्ययन के दौरान उनके मन में अनेक प्रश्न उत्पन्न हुए, जिन्होंने अंततः इस पुस्तक का रूप लिया। उन्होंने कहा कि रामायण आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सदियों पहले थी और भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा बनी हुई है। कार्यक्रम में अनेक साहित्यकारों, लेखकों एवं साहित्य-प्रेमियों की उपस्थिति रही। इनमें डॉ. मनोरमा, डॉ. ललित सिंह, ममता किरण, रेनू मिश्रा, आलोक शुक्ला, ओमप्रकाश प्रजापति, मोहनी पांडे, अश्विनी खंडेलवाल, डॉ. सीमा भारती झा, शकुंतला मित्तल, शशि सहगल, आचार्य राजेश कुमार, अनिरूद्ध गौड़ और राजेश्वर वशिष्ठ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केंद्र में रोमांचक क्रिकेट मैच

# 'डोमिनेटर' ने 'इनवर्टर' को हराकर जीता खिताब

## अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल के प्रयासों से सुधरा खेल परिसर का बुनियादी ढांचा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के खेल मैदान पर आज खेल और युवाशक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। परिसर में आयोजित एक रोमांचक क्रिकेट मुकाबले में 'डोमिनेटर' टीम ने अपनी प्रतिद्वंद्वी 'इनवर्टर' टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। पूरे मैच के दौरान दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में डोमिनेटर टीम की कमान लाल कुआं क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी लक्ष्य के हाथों में थी, जबकि इनवर्टर टीम का नेतृत्व विजय नगर के ईशान कर रहे थे। दोनों ही कप्तानों ने मैदान पर बेहतरीन रणनीति का प्रदर्शन किया। आयोजन को पूरी व्यवस्था और कड़े अनुशासन



के साथ संपन्न कराने में मुख्य आयोजक व टीम मैनेजर तनिष निरंकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिनके सटीक प्रबंधन की सभी ने सराहना की।

इस आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों ने खेल परिसर में हुए सकारात्मक बदलावों को करीब से महसूस किया। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के अध्यक्ष श्री राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले) के कुशल नेतृत्व में ग्राउंड की व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर के समकक्ष विकसित किया गया है। परिसर की सुरक्षा को पुख्ता करते हुए मैदान की बाउंड्री वॉल, जहाँ से पहले असमाजिक तत्व या लोग अनाधिकृत रूप से कूदकर प्रवेश कर जाते थे, उसकी विशेष रूप से मरम्मत कराकर उसे ऊँचा किया गया है। इस सुधार से खिलाड़ियों को अब एक सुरक्षित, व्यवधान-रहित और बेहतर खेल वातावरण मिल पा रहा है।

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र क्षेत्र के युवाओं के लिए एक आदर्श खेल परिसर के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहाँ उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के निरंतर अवसर मिल रहे हैं। मैच की समाप्ति पर अतिथियों और खेल प्रेमियों ने विजेता टीम डोमिनेटर, उपविजेता टीम के खिलाड़ियों और आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का समापन ₹खेलो, बढ़ो और समाज को नई दिशा दो₹ के प्रेरक संकल्प के साथ हुआ।